दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...
कंगना और इम्तियाज की फिल्म को ...8
बलरामपुर
मंगलवार, 16 जून 2026
वर्षः 05 अंकः 255 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/-रुपया
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

## डीआरडीओ ने लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

भुवनेश्वर। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को ओडिशा तट के पास डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा कैप्चर किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरी तरह से सफल रहे। पूरी तरह स्वदेशी है मिसाइलः यह लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से एक स्वदेशी मिसाइल है। इसके सभी सब–सिस्टम को विभिन्न डीआरडीओ लैब और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित किया गया है। बेंगलुरु स्थित वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान इस परियोजना की नोडल प्रयोगशाला है। इस सफल परीक्षण के साक्षी डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय नौसेना व भारतीय वायु सेना के उपयोगकर्ता प्रतिनिधि भी बने। रक्षा मंत्री और डीआरडीओ अध्यक्ष ने दी बधाईः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्त्स-|ब्ड के सफल उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ की टीम को बधाई दी है। वहीं, रक्षा सचिव और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने लॉन्च के दौरान सभी गतिविधियों की निगरानी की। उन्होंने इस सफल उड़ान परीक्षण में शामिल टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।



ईरान–अमेरिका शांति समझौते पर पीएम मोदी का बयान, बोले–

## पश्चिम एशिया में स्थिरता के लिए भारत प्रतिबद्ध

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका और ईरान के बीच तय हुई शांति डील का स्वागत किया और साथ ही पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए भारत की अपील को दोहराया। माइक्रो–ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कई दिनों की गहन बातचीत के बाद तय हुआ शांति समझौता, नेविगेशन और व्यापार की आजादी सुनिश्चित करने में मदद करेगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने का भी जिक्र किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत बाकी मुद्दों पर बातचीत के जरिए एक टिकाऊ और अंतिम समझौते तक पहुँचने की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूँ। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान पैदा हुआ और कई देशों में लोगों की जान गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समय) को अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में घोषित शांति समझौते की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस समझौते से पश्चिम एशिया में ष्शांति और सुरक्षाष् आएगी और रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद मिलेगी। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने इस समझौते को एक ऐतिहासिक कामयाबी बताया और कहा कि अमेरिका की पिछली सरकारें ईरान के साथ ऐसा नतीजा हासिल करने में नाकाम रही थीं। ट्रंप ने लिखा, यह शानदार समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लाएगा। कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन मेरे आने से पहले सभी नाकाम रहे। इस क्षेत्र के नेताओं को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला है जो उन्हें असली शांति हासिल करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस हफ्ते के आखिर में समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने और जलडमरूमध्य के खुलने के बाद, बारूदी सुरंगें हटाने के काम के साथ–साथ, इस क्षेत्र और पूरी दुनिया के लिए दोनों तरफ से तेल की आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी! इससे पहले, पाकिस्तान की मध्यस्थता और कई दौर की बातचीत के बाद ट्रंप ने दोनों देशों के बीच शांति समझौते की घोषणा की थी।




## जनकल्याण शिविर में विधायक विनय वर्मा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़। विकास खंड शोहरतगढ़ एवं जोगिया परिसर में सोमवार को ष्12 साल बेमिसाल रू सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याणष् अभियान के तहत जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। विधायक ने कहा कि जनकल्याण शिविर जनता और प्रशासन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर अनेक योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ प्राप्त हो रहा है।कार्यक्रम के दौरान आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में विधायक विनय वर्मा ने सहभागिता करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के अंतर्गत विधायक विनय वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने विकास खंड परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।



## जन–भागीदारी से बदलेगी यमुना की तस्वीर! दिल्ली के 28 घाटों पर मेगा सफाई अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी के 28 घाटों पर यमुना की सफाई का एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस अभियान का मकसद नदी और उसके आस–पास के इलाकों की सफाई करना था। गुप्ता ने इस अभियान में लोगों की अलग–अलग तरह की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि रविवार को दिल्ली के 28 घाटों पर यमुना की सफाई का एक बड़ा अभियान शुरू किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। मैंने देखा कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस सफाई अभियान में भाग लिया। सफाई अभियान के दौरान मिले कचरे के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वहाँ हमें प्लास्टिक की थैलियाँ, पूजा–पाठ का सामान और टूटी हुई मूर्तियाँ मिलीं। इसका क्या समाधान है? मुझे लगता है कि इस तरह के सफाई अभियान नियमित रूप से चलाने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि रिवरफ्रंट इलाकों में मिलने वाले कचरे के प्रकार के हिसाब से ही कचरा प्रबंधन की रणनीतियां बनाई जाएंगी। गुप्ता ने समझाया कि वहां मिलने वाली हर तरह की चीज के लिए हमें अलग–अलग तरह से कचरा प्रबंधन करना होगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से यमुना को साफ रखने में सक्रिय रूप से शामिल होने और पर्यावरण से जुड़ी मौजूदा पहलों का समर्थन करने की अपील की।



## आरएसएस के कार्यक्रम में पहुंचे वीसी

भड़के सतीसन बोले– यह गंभीर चूक, जनता से माफी मांगें

केरल में एक राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया जब मुख्यमंत्री वीडी सतीसन ने तीन वाइस चांसलर से माफी की मांग की। ये वाइस चांसलर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के संबोधन वाले ै के शताब्दी समारोह में शामिल हुए थे। सतीसन ने उनकी इस भागीदारी को ष्गंभीर चूकष् और उनके पद के अनुरूप न होने वाली हरकत बताया। एक्स पर एक कड़े शब्दों वाले पोस्ट में सतीसन ने कहा कि आरएसएस कार्यक्रम में वाइस चांसलर की मौजूदगी केरल की शैक्षिक परंपराओं के खिलाफ थी और इससे उनके पद की गरिमा कम हुई है। सतीसन ने लिखा कि हम आरएसएस के शताब्दी समारोह में तीन वाइस–चांसलरों की भागीदारी को बहुत गंभीरता से लेते हैं, जिसे सरसंघचालक मोहन भागवत ने संबोधित किया था। यह एक गंभीर चूक है। उनका यह कदम केरल की शैक्षिक परंपरा और उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। यह विवाद शनिवार को हुए आरएसएस के शताब्दी समारोह में केरल यूनिवर्सिटी, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी और मलयालम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलरों के शामिल होने को लेकर है। सथीसन ने कहा कि केरल के लोग वाइस चांसलर के पद का बहुत सम्मान करते हैं और तर्क दिया कि आरएसएस के कार्यक्रम में इन तीन शिक्षाविदों के शामिल होने से लोगों का यह भरोसा कम हुआ है। उन्होंने कहा कि केरल के लोग वाइस चांसलर के पद को बहुत सम्मान की नजर से देखते हैं। एक ऐसे **RSS** नेता के कार्यक्रम में शामिल होकर, जो कट्टर सांप्रदायिकता का प्रचार करता है, उन्होंने उस सम्मान को कम किया है।



## भारत–बांग्लादेश सीमा पर फिर तनाव

गुवाहाटी। असम के मनकाचर सेक्टर में भारत–बांग्लादेश बॉर्डर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। नो–मैन्स लैंड (दोनों देशों के अधिकार क्षेत्र से बाहर की भूमि) में 9 बांग्लादेशी नागरिक फंसे हुए हैं। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश इन नागरिकों को वापस लेने से इनकार कर रहा है। फ्लैग मीटिंग बेनतीजा : इस मुद्दे को सुलझाने के लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (ठैथ्) और ठळठ के बीच कई दौर की फ्लैग मीटिंग भी हुई। सूत्रों के अनुसार बैठक बेनतीजा रही। BSF सूत्रों ने बताया कि आज फिर से दोनों पक्षों के बीच नई बैठक होगी, जिसमें इस गतिरोध को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। रविवार को फैला तनावः रविवार को मनकाचर इलाके में जब 9 व्यक्ति नो–मैन्स लैंड में फंसे पाए गए, तो तनाव बढ़ गया। एक वायरल वीडियो में उनमें से एक व्यक्ति साफ तौर पर कहता सुनाई दे रहा है, श्हम बांग्लादेशी नागरिक हैं। काम के सिलसिले में भारत आए थे। हमारे पास दस्तावेज हैं। भले ही हमें मार दिया जाए और नदी में फेंक दिया जाए, हम भारत नहीं जाएंगे।श अन्य वीडियो में इन लोगों को रोते हुए भी देखा गया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सीएम योगी बोले –

## किसानों ने यूपी के विकास का नया इतिहास रचा

नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गौतम बुद्ध नगर और देश के एविएशन सेक्टर के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और इस प्रोजेक्ट की सफलता का श्रेय किसानों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। एयरपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों की सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट उनके सहयोग और सरकार की समय पर काम पूरा करने की प्रतिबद्धता की वजह से ही बन पाया है। उन्होंने कहा कि जेवर, गौतम बुद्ध नगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूरे देश के एविएशन सेक्टर के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि भारत के सबसे बेहतरीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स में से एक से कमर्शियल उड़ानें शुरू हो गई हैं। प्रोजेक्ट के शुरुआती दौर को याद करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कैबिनेट ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी और अधिकारियों के लिए सख्त समय–सीमा तय की गई थी। उन्होंने कहा कि मैंने जिला मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारियों को 100 दिनों के भीतर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने की समय–सीमा दी थी। एक चुनौती थी, लेकिन किसानों ने हम पर भरोसा जताया। उन्होंने आगे कहा कि जमीन अधिग्रहण के दौरान शुरू में जो विरोध हुआ, उसे बातचीत से सुलझा लिया गया। उन्होंने कहा कि मैंने लगभग 100 किसानों के साथ बैठकर उन्हें समझाया कि यह विकास का एक सुनहरा मौका है। आपकी जमीन एक नए भविष्य की नींव बनेगी। इलाके में आए बदलाव का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर, जो कभी अपराध और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था, अब विकास के एक बड़े केंद्र के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से कार्गो सुविधाओं, एयरक्राफ्ट की देखरेख और ग्लोबल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे विदेशी हब पर भारत की निर्भरता कम होगी। आदित्यनाथ ने आने वाले समय में बनने वाले संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर का भी जिक्र किया, जिसमें यमुना अथॉरिटी के तहत टाटा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कई स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, डिग्री कॉलेज, मेडिकल और स्पोर्ट्स सुविधाएं, ट्रॉमा सेंटर और ओलंपिक स्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक इनडोर स्टेडियम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरुआत है।




## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुल गया! किन 14 शर्तों पर माना ईरान ?

एक ऐसी खबर जिसने पूरी दुनिया के बाजारों और कूटनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी। महीनों से जारी भारी तनाव और युद्ध के बाद आखिरकार वह बड़ा अपडेट आ गया जिसका इंतजार पूरी दुनिया कर रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा ऐलान करते हुए साफ कर दिया कि ईरान के साथ शांति समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया। इस समझौते की सबसे बड़ी और चौंकाने वाली बात यह कि दुनिया की लाइफ लाइन कहे जाने वाले हॉर्मोस जलडमरू मध्य यानी कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस को फिर से खोल दिया जाएगा। इतना ही नहीं अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत प्रभाव से हटा रहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर बेहद दमदार और कड़क अंदाज में लिखा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया। सभी को बधाई। मैं इसके द्वारा हॉर्मोस जलडमरू मध्य को टोल फ्री खोलने के लिए पूर्ण रूप से अधिकृत करता हूं और इसके साथ ही अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने का भी अधिकार देता हूं। दुनिया के जहाजों अपने इंजन चालू करो तेल को बहने दो। इस पूरे समझौते के पीछे पाकिस्तान एक मुख्य मध्यस्थ की भूमिका में सामने आया।




## मेरी पार्टी बढ़ेगी तो खुश क्यों नहीं?

एनसीपीआई ने 20 टीएमसी सासंद के विलय का किया स्वागत, एनडीए के साथ

तृणमूल कांग्रेस से चुने गए 20 सांसदों के नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में विलय करने के ऐलान के बाद, NCPI के संस्थापक और राष्ट्रीय आयोजन सचिव शांतनु डे ने इस कदम का समर्थन किया और आगे बातचीत के लिए अपनी सहमति जताई। ANI से बात करते हुए डे ने कहा कि उन्हें पहले इन घटनाक्रमों के बारे में पता नहीं था, लेकिन उन्होंने इस विलय का स्वागत किया, जिसके बारे में उन्हें सोशल मीडिया और समाचार रिपोर्टों से पता चला। डे ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने यह फैसला लिया और कहा कि अगर मेरी पार्टी आगे बढ़ती है तो मैं खुश क्यों नहीं होऊँगा?ष उन्होंने आगे कहा कि वह पार्टी के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने तथा ठश्रच के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (छक।) के साथ मिलकर काम करने के लिए नए सदस्यों के साथ सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर काकोली दी हमसे बात करती हैं, तो हम निश्चित रूप से (दिल्ली) जाएँगे। मुझे उम्मीद है कि हम बात करेंगे। हम जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। यह घोषणा ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती राजनीतिक उथल–पुथल के बाद हुई है, क्योंकि रविवार को एक बड़े गुट ने बगावत का ऐलान कर दिया।



## कर्नाटक में धोखाधड़ी रोकने को सख्त होंगे नियम

डीके शिवकुमा बोले– असली हकदारों को मिलेगा लाभ

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार की गारंटी योजनाएं असली लाभार्थियों के लिए हैं और बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धोखाधड़ी और दुरुपयोग को रोकने के लिए सखध्त सत्यापन प्रक्रियाएं लागू की जा रही हैं। गारंटी कार्यक्रमों को लागू करने पर चर्चा करते हुए शिवकुमार ने कहा कि विपक्ष का काम सरकार की आलोचना करना है। उन्होंने कहा कि सरकार को अच्छी तरह पता था कि विपक्ष के पास पेश करने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है, और साथ ही कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा राज्य सरकार कई ऐसी पहल लागू कर रही है जिन्हें पिछली सरकारें लागू नहीं कर पाई थीं। हालाँकि, उन्होंने माना कि इसके गलत इस्तेमाल के मामले भी सामने आए हैं, जैसे गलत तस्वीरें अपलोड करना, नकली मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल और फायदों का गलत बैंक खातों में भेजा जाना। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजना का फायदा सीधे सही हकदारों तक पहुँचना चाहिए। शिवकुमार ने साफ किया कि गारंटी योजनाएँ सिर्फ कर्नाटक के निवासियों के लिए हैं, दूसरे राज्यों के लाभार्थियों के लिए नहीं। मुफ्त बस यात्रा जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए पात्रता सिर्फ कर्नाटक के वोटरों और निवासियों तक ही सीमित रहनी चाहिए, ताकि यह पक्का किया जा सके कि सरकारी पैसे का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए हो जिनके लिए इसे मंजूर किया गया है।



## तेज रतार ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। ललिया थाना क्षेत्र के बलदेवनगर गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रतार और अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर–ट्रॉली लाल मोरंग लादकर बलदेवनगर गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव निवासी सत्यदेव यादव अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था। तभी तेज रतार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की असमय मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।सूचना मिलने पर ललिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर–ट्रॉली को भी अपने कब्जे में ले लिया है।प्रभारी निरीक्षक ललिया मृत्युंजय सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर–ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है तथा परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## धन्वंतरि पूजन के साथ योग सप्ताह का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, सबलापुर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, चिकित्सकों एवं शिक्षकों के साथ भगवान धन्वंतरि के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने कहा कि योग भारतीय संस्ृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि संस्थान में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के प्रति जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं शिक्षकों ने भी योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए नियमित योग करने का संदेश दिया। योग सप्ताह के दौरान विभिन्न योग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर डॉ. देवेश तिवारी, डॉ. यू.एन. मिश्रा, डॉ. निशा शर्मा, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉ. निधि पोरवाल, डॉ. शालू, डॉ. कल्पना जांगिड़, संजय गौतम, जे.पी. शुक्ला सहित संस्थान के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## बहराइच को मिले नए जिला सूचना अधिकारी, विमलेश कुमार ने संभाली जिम्मेदारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। जनपद बहराइच में जिला सूचना अधिकारी पद पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमलेश कुमार को बहराइच का नया जिला सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व वह जनपद सिद्धार्थनगर में अपनी सेवाएं दे रहे थे।वहीं, बहराइच में तैनात रहे संतोष कुमार द्विवेदी का स्थानांतरण जनपद सिद्धार्थनगर के जिला सूचना अधिकारी पद पर किया गया है। स्थानांतरण के बाद दोनों अधिकारियों ने अपने–अपने नए कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल ली है।जनपद के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने नए जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार का स्वागत करते हुए उनसे जनसंपर्क एवं सूचना विभाग की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की अपेक्षा जताई है।सूचना विभाग शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में नए जिला सूचना अधिकारी के आगमन से विभागीय कार्यों में नई ऊर्जा और गति आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।



## मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्ण पर नि. विधायक शैलू सिंह ने प्रभारी मंत्री का किया स्वागत,

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। गैसड़ी विधानसभा के नि. विधायक शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलू ने घर घर जनसंपर्क अभियान में भारत के प्रथम गांव थारू जनजाति क्षेत्र में लोगो के बीच पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया, गैसड़ी विधान सभा के सभी गांवों में जाकर उनसे उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है के बारे में भी पूछते हैं और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान भी करते है।2022 के विधानसभा चुनाव में कम वोटों से चुनाव हार गए थे, उनको उस चीज का मलाल है कि विधान सभा में विकास ठीक से वर्तमान में नहीं हो पा रहा है, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक जनसभा में कह चुके हैं कि यदि शैलू सिंह 2022 में गैसड़ी विधानसभा से जीते होते तो विधान सभा की तस्वीर बदल गई होती, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि इस बार चुनाव जीताए विकास की गंगा बहेगी। उसके बाद शैलू सिंह अपने विधानसभा में जोड़ तोड़ से जनता के बीच पहुंच रहे हैं।सोमवार को मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर यूपीटी होटल पहुंचे प्रभारी मंत्री शतीश शर्मा का भगवान की मूर्ति देकर स्वागत किया।



## दलित युवक की लाठी–डंडों से बेरहमी से पिटाई, पुलिस की सुस्ती पर भड़के ग्रामीण

दैनिक बुद्ध का संदेश

कैसरगंज / जरवल (बहराइच)।बहराइच जनपद के विकास खण्ड जरवल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गण्डारा से एक बेहद अमानवीय और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां गांव में साफ–सफाई का काम कर रहे दलित समाज के एक गरीब युवक के साथ न सिर्फ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अभद्र व्यवहार किया गया, बल्कि लाठी–डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई भी कर दी गई। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत गण्डारा में वर्तमान में कोई भी सरकारी सफाईकर्मी तैनात नहीं है। गांव को स्वच्छ रखने के लिए ग्राम पंचायत स्तर से ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत साफ–सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसी व्यवस्था के तहत गांव के ही अत्यंत गरीब परिवार के युवक बब्लू (पुत्र छबीले वाल्मीकि) को सफाई कार्य के लिए लगाया गया था। बब्लू दैनिक मेहनत–मजदूरी करके किसी तरह अपने पूरे परिवार का भरण–पोषण करता है।प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, बब्लू हमेशा की तरह गांव में ईमानदारी से सफाई कार्य कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही निवासी मेराज अहमद सिद्दीकी ने वहां पहुंचकर उसके साथ गाली–गलौज और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि मेराज अहमद ने पीड़ित को जातिसूचक शब्द कहते हुए लाठी–डंडों से सरेराह बेरहमी से पीट दिया। इस अचानक हुए जानलेवा हमले से पीड़ित लहूलुहान हो गया और उसका पूरा परिवार गहरे सदमे में है।स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। ग्रामीणों का कहना है कि बब्लू वाल्मीकि समाज से ताल्लुक रखता है और बेहद लाचार है। उसके परिवार की रोजी–रोटी पूरी तरह से उसकी इसी दैनिक मजदूरी पर टिकी हुई है। इस अमानवीय घटना के बाद से पीड़ित का परिवार बुरी तरह सहमा हुआ है और बब्लू के घायल होने के कारण अब उनके सामने दाने–दाने का संकट खड़ा हो गया है।घटना के तुरंत बाद पीड़ित की भाभी द्वारा थाना कैसरगंज में आरोपी मेराज अहमद सिद्दीकी के खिलाफ नामजद लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। लेकिन पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की है। पुलिस की इस ढुलमुल कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा लगातार गहराता जा रहा है और उन्होंने जल्द से जल्द आरोपी की गिरतारी व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।



## सड़क के निर्माण को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी तुलसीपुर को सोपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गैसड़ी / बलरामपुर। उतरौला पचपेड़वा चंदनपुर मार्ग व अयोध्या धाम जाने वाले अन्य जिला मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण न कराये जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी द्वारा राम जानकी मंदिर के सामने गनेशपुर बाजार में शान्ति पूर्ण विशाल धरना प्रदर्शन जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप की अध्यक्षता में किया गया । श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि गनेशपुर पचपेड़वा चन्दनपुर मार्ग के निर्माण को लेकर दिशा की बैठक में रखा गया था और सवाल किया कि जनपद के अन्य सड़कों का निर्माण हो रहा है पचपेड़वा चंदनपुर जैतापुर सड़क क्यों नहीं बन रही है । केंद्र व राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी में सौतेला व्यवहार कर रही है जिसके चलते सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है । यह सड़क क्षेत्र की अहम समस्या बनी हुई है इस समस्या को सदन तक पहुंचा कर निर्माण कार्य करवाने का काम करेंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उद्बोधन करते हुए कहा कि सत्ता के दबाव में आकर के परमिशन नहीं दिया गया इससे साफ जाहिर होता है कि लोकतंत्र की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। परमिशन न देने की बात को लेकर एसडीएम से खुद सामने पूछने लगे इस पर एसडीएम मुस्कुरा कर रह गए । नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने गैसड़ी विधायक राकेश कुमार यादव के उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार जयंत को सौंपा है । ज्ञापन में कहा गया है कि विधानसभा क्षेत्र 292 गैसड़ी के ब्लॉक पचपेड़वा में अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क जो उतरौला पचपेड़वा चन्दनपुर मार्ग जो अयोध्या धाम को जोड़ता है साथ ही साथ चंदनपुर अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र है जो नेपाल सीमा से सटा हुआ है धोबहा , गनवरिया , जैतापुर तक यह सड़क वर्तमान में जर्जर है एवं जीर्णशीर्ण है जो बड़े–बड़े गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है जनहित में सड़क का चौड़ीकरण होना आवश्यक है । सड़क ठीक न होने से प्रभु श्री राम के नगरी अयोध्या धाम एवं प्रयागराज जाने के लिए क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं को बहुत बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है वहीं अनुसूचित जनजाति बाहुल क्षेत्र के लोग धर्म नगरी अयोध्या एवं संगम नगरी प्रयागराज नहीं पहुंच पाते हैं जिसका निर्माण होना महत्वपूर्ण है । इस मौके पर माणिक लाल कश्यप , माता प्रसाद पांडे , पूर्व मसूद अहमद , पूर्व विधायक रामसागर अकेला , पूर्व अनवर महमूद, ओंकार नाथ पटेल, नूरूल हसन खां, कौशर हुसैन, भानू त्रिपाठी, विक्रम यादव एडवोकेट सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।




## जिले के प्रभारी मंत्री ने बभनी बुजुर्ग में चौपाल लगाकर सरकार की बताई उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर।सूबे के खाद्य एवं रसद आपूर्ति राज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने सोमवार को बभनी बुजुर्ग के बिजौरा माफी कंपोजिट विद्यालय में चौपाल लगाकर केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर क्षेत्रीय लोगों को बधाइयां देते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का भी निरीक्षण किया। पात्र लाभार्थियों को घरौनी प्रमाण पत्र, आयुष्मान योजना का कार्ड व जूनियर कक्षाओं में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्टडी टेबल का वितरण भी किया। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पात्र व्यक्तियों तक पेंशन, आवास, खाद्यान्न, रसोई गैस, किसान सम्मान योजना, आयुष्मान योजना समेत जरूरी योजनाओं को पहुंचाया है। पूरे विश्व में आज भारत की साख बढ़ी है। सूबे में योगी सरकार केंद्र की योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ सुशासन और भयमुक्त समाज बनाने की दिशा में काम कर रही है। गुंडे, माफिया आज भूमिगत हैं और बहन बेटियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों का फैसला ऑन द स्पॉट किया जा रहा है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि जनसंघ के दिवंगत विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी के जन्म स्थल पर प्रभारी मंत्री ने आकर यहां के लोगों को एहसास कराया है कि हमारी पार्टी अपने पुराने कार्यकर्ताओं के प्रति उतना ही सम्मान रखती है जितना वर्तमान कार्यकर्ता का होता है। क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी . ढ़ इच्छाशक्ति को दोहराते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के हर गांव का विकास और हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से आच्छादित करना उनका संकल्प है। इस दौरान सीडीओ, खंड विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार, स्वास्थ्य अधीक्षक डाक्टर चंद्र प्रकाश, सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र यादव, सीओ राघवेंद्र सिंह समेत जिलास्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताहव्यापी योग कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, गोण्डा द्वारा चेतना पार्क, सिविल लाइन में आयोजित सप्ताहव्यापी योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री दयानंद प्रसाद ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्ृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सु. ढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है।उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार ने कहा कि योग तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने की कला सिखाता है तथा वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है।कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक श्री अंजनी दूबे द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।सप्ताहव्यापी योगाभ्यास कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ–साथ एससीपीएम कॉलेज ऑफ आयुर्वेद, हारीपुर गोण्डा के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकगण ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।आयुष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विभिन्न स्थानों पर योग जागरूकता कार्यक्रम, सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ एवं निरोग समाज के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा सके।



## प्रभारी मंत्री के चौपाल में शिकायत न पहुंचने देने से निराश हुए लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर।जिले के प्रभारी मंत्री ने बभनी बुजुर्ग के बिजौरा माफी में चौपाल लगाया लेकिन इसी ग्राम सभा में दबंगों के हमले में मृत धनराज मौर्य के घर जाकर सांत्वना देने नहीं जा सके। मृतक हिंदु संगठन से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता था और उसके चाचा इसी ग्राम सभा में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी हैं। मृतक के परिजनों ने सरकार से जिन मांगों को करते हुए ज्ञापन दिया था उनमें से एक भी मांग पूरी नहीं हो सकी है। घटना के 11 वें दिन मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक देने गये डीएम विपिन कुमार जैन व एसपी विकास कुमार को ग्रामीणों व परिजनों के आक्रोश का सामना भी करना पड़ा था। इसके बाद भी प्रभारी मंत्री का मृतक के घर न पहुंचना लोगों को काफी अखर रहा है। इसी तरह दो दर्जन से अधिक लोगों का एक साल से मनरेगा की मजदूरी नहीं मिली है, उन्हें भी शिकायत लेकर मंत्री तक पहुंचने नहीं दिया गया।

## रूपेश बने धर्म ध्वजा धारी परिषद के जिलाध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर।धर्म ध्वजा धारी परिषद का नया जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार को बनाया गया है। इससे पूर्व वह नगर अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उनके मनोनयन पर हिंदू समुदाय के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि हिंदू समुदाय को एकजुट रखना और अपने समाज के लोगों को सम्मान व न्याय दिलाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संतोष सोनी, संतोष गुप्त समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे मोदी सरकार के 12 वर्ष– प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर।उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण श्मीडिया संवादश




कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष (2014–2026) पूरे होने पर सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का ब्यौरा साझा किया।प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह 12 वर्ष नए भारत के निर्माण और देश के 140 करोड़ नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के साक्षी रहे हैं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही सुशासन की असली पहचान है।मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने खाद्य रसद विभाग के कामकाज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में श्प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाश के तहत करोड़ों पात्र परिवारों को मुत खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। सरकार ने कोटे की दुकानों पर ई–पॉस (म–च्वै) मशीनों और तकनीक का शत–प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया है, जिससे राशन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लगी है।संवाद में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार का एकमात्र ध्येय श्अंत्योदयश है। आज देश व प्रदेश का गरीब सीधे तौर पर निम्नलिखित योजनाओं से लाभान्वित हो रहा हैरू सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 2014 से 2026 तक का यह सफर सिर्फ सरकारी नीतियां बदलने का नहीं रहा, बल्कि इसने देश के नागरिकों में आत्मनिर्भरता का आत्मविश्वास जगाया है। आज पूरा देश एकजुट होकर साल 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के महासंकल्प की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

## पयागपुर का शब्बीर स्मारक न्यू लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल बना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पयागपुर (बहराइच)। पयागपुर क्षेत्र के पटिहाट चौराहा अंतर्गत स्थित शब्बीर स्मारक न्यू लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल ग्रामीण अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुशासित व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण विद्यालय क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल हो रहा है।विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रयोग किया जा रहा है। यहाँ उच्च शिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को न केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा दे रही है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दे रही है।विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता इसका अनुशासित वातावरण है। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि अनुशासन और शिक्षा एक–दूसरे के पूरक हैं। इसी सोच के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है।विद्यालय के प्रबंधक रजाजुल हसन का समर्पण और दूरदर्शिता भी इसकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे नियमित रूप से विद्यालय की गतिविधियों की निगरानी करते हैं तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।प्रबंधक रजाजुल हसन ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को ऐसी शिक्षा उपलब्ध कराना है जिससे वे आत्मनिर्भर, संस्कारी और अनुशासित नागरिक बन सकें। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए पूरी टीम समर्पित भाव से कार्य कर रही है।विद्यालय की बढ़ती उपलब्धियों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सराहना क्षेत्र के अभिभावक, बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक संगठनों द्वारा भी की जा रही है। यही कारण है कि शब्बीर स्मारक न्यू लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल आज ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बनता जा रहा है।

# धरना–प्रदर्शन कर सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक की घटनाओं, डीजल–पेट्रोल, रसोई गैस एवं बिजली की बढ़ती कीमतों सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सोमवार को पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने विशाल धरना–प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन शोहरतगढ़ उपजिलाधिकारी करमेन्द्र कुमार को सौंपा गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएच–730 स्थित नीलू रूंगटा के बगीचे से हुई। यहां से निकला जुलूस तिरंगा तिराहा, मुख्य बाजार, पुलिस पिकेट एवं तहसील रोड होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। रैली में हजारों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे। धरना–प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून–व्यवस्था की समस्याएं तथा किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दे लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदर्शन के उपरांत सपा प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिजली संकट और किसानों की समस्याओं से त्रस्त है, लेकिन सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली के बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, जबकि युवाओं का भविष्य पेपर लीक जैसी घटनाओं से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद, बीज और सिंचाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कानून–व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है तथा दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची से नाम कटने का मुद्दा भी उठाया। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रही है। किसानों को समय से खाद, बीज और सिंचाई के लिए डीजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। बढ़ती बिजली दरों और अघोषित कटौती ने आमजन का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने सरकार से जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा तुलसियापुर चौराहे पर निर्माणाधीन मछली मंडी में कथित भ्रष्टाचार की जांच, दुर्घटना में मृत श्रमिकों के स्वजन को 50–50 लाख रुपये तथा घायलों को 15–15 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग उठाई गई। सपा नेताओं ने मनरेगा के लंबित भुगतान तत्काल कराने, मजदूरी दर 252 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने तथा किसानों को समय से खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतें वापस लेने, बिजली कटौती पर रोक लगाने तथा बिजली दरों में हुई वृद्धि को वापस लेने की मांग भी शामिल रही। इसके अतिरिक्त पेपर लीक के दोषियों पर कठोर कार्रवाई, धान की नर्सरी के समय किसानों को खाद, बीज और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रदेश की कानून–व्यवस्था सुधारने, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने, दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा आरक्षित वर्ग के रिक्त पदों पर भर्ती कर आरक्षण कोटा पूर्ण करने की मांग भी की गई। साथ ही शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बरसात से पूर्व सभी बांधों की मरम्मत एवं कटान स्थलों को भरने की मांग उठाई गई। इस अवसर पर मुरलीधर मिश्रा, हरिराम यादव, गोपाल फौजी, राममिलन भारती, विंध्याचल चौधरी, खलकुल्लाह खान, शिवशंकर चौधरी, अजय कुमार चौधरी, रामदास चौधरी, पंकज चौधरी, अरविन्द चौधरी, अवनिंद्रा चौधरी, सर्वजीत यादव, एहसान कुरैशी, हैदर अली, कमरुज्जमा खान, घनश्याम जायसवाल, अनिल यादव, रामनेवास चौहान, रामशंकर मौर्य, राजकुमार चौधरी, श्यामलाल शर्मा, ध्रुप राज यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। धरना–प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अवधेश पाण्डेय, एसआई संतोष यादव, एसआई रामबदन यादव, मुख्य आरक्षी दिनेश यादव, दयानन्द, सतीश सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# सरकार की उपलब्धियों को लेकर ग्रामीणों के बीच पहुचे श्याम जायसवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे प्रबुद्ध जन विशेष संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनों से संवाद किया। अभियान के तहत उन्होंने बंदुवारी, सोरहवा, परसा देवाइचपार, बैरिहवा, पिपरहवा, खखरा एवं भैसाही जंगल गांवों में पहुंचकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। श्याम जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के भ्रमण के दौरान क्षेत्र के विकास, जन–आकांक्षाओं एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर ग्रामीणों के साथ सकारात्मक और विस्तृत चर्चा हुई। क्षेत्रवासियों से मिले स्नेह, विश्वास और समर्थन से उन्हें जनसेवा के लिए नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि हर गांव का विकास हो और प्रत्येक नागरिक को सम्मान एवं सुविधाएं प्राप्त हों। इस दौरान सेक्टर अध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल, आरएसएस व्यवस्था प्रमुख बृहस्पतिनाथ चौबे, मंडल महामंत्री राजनारायण चौबे, रामकृष्ण पाल प्रजापति, दुर्गेश प्रजापति, रामशब्द, बूथ अध्यक्ष मिनके प्रसाद, पलक चिनके दास, विशाल पांडेय, तरुण पांडेय, रघुराज सिंह, बृजलाल सिंह, रोहित निषाद, तोलन निषाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पंडाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के जगरगठिया गांव में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य पुडेन्द्र शरण शुक्ल ने उद्धव संवाद एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का रसपान कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीहरि ने धर्म की स्थापना एवं मानव कल्याण के लिए समय–समय पर विभिन्न अवतार धारण किए हैं। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बाल्यकाल से ही भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में स्वीकार कर चुकी थीं। किंतु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह चेदि नरेश शिशुपाल से कराने का निर्णय लिया था। आचार्य ने बताया कि जब रुक्मिणी को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने सुदेव नामक ब्राह्मण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को एक पत्र भेजा। पत्र में उन्होंने अपने हृदय की भावनाएं व्यक्त करते हुए श्रीकृष्ण से पार्वती मंदिर से अपने साथ ले जाने का आग्रह किया। रुक्मिणी ने पत्र में यह भी लिखा कि यदि उन्हें श्रीकृष्ण का साथ नहीं मिला तो वह जन्म–जन्मांतर तक उनकी प्रतीक्षा करेंगी। कथा के अनुसार जब रुक्मिणी पार्वती पूजन के लिए मंदिर पहुंचीं, उसी समय भगवान श्रीकृष्ण वहां आए और उनका हरण कर अपने साथ ले गए। इसके बाद राजा भीष्मक ने वैदिक रीति–रिवाज से दोनों का विवाह संपन्न कराया। रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु ष्राधे–कृष्णष और ष्जय श्रीकृष्णष के जयकारों से झूम उठे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के समापन अवसर पर विधि–विधान से हवन–यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर धनुषधारी मिश्रा, सोनू, अभिमन्यु, भोला, भोलू, गोलू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बूथ मजबूत होगा तो प्रदेश में फिर बनेगी बसपा सरकार: धर्मदेव प्रियदर्शी

दैनिक बुद्ध का संदेश





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के तत्वावधान में मड़वा स्थित एक मैरेज हॉल में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं मंडल जोन प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और मजबूत संगठन के दम पर ही बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि जब संगठन मजबूत होता है और कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हैं, तभी राजनीतिक सफलता मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए बूथ कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य राजनीतिक दल जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटकर राजनीति करते हैं, जबकि बसपा सामाजिक न्याय और सर्वजन हिताय की विचारधारा पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के संघर्ष एवं विचारों को घर–घर तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ बसपा नेता कल्पनाथ बाबूजी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की इच्छा है कि वर्ष 2027 में प्रदेश में बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बने। इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा। उन्होंने बाबा साहब और मान्यवर कांशीराम के संघर्षपूर्ण जीवन तथा सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रमेश कुमार गौतम ने संगठन विस्तार, कार्यकर्ता प्रशिक्षण और बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि रमेश कुमार गौतम पूर्व में मंडल जोन इंचार्ज, जिला प्रभारी एवं जिला सचिव समेत विभिन्न संगठनात्मक पदों पर दायित्व निभा चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राममिलन भारती ने किया। बैठक में राजकुमार आर्य, विधानसभा अध्यक्ष रामधनी गौतम, अनिल कुमार, संजय शर्मा, रमेश चमार, हीरालाल कुरील, सुधीराम गौतम, मुनीराम राजभर, अलीम खान, शत्रुघ्न राव, अजय प्रताप चौधरी, सत्येंद्र कुमार भारती, आन्ही प्रसाद गौतम, रामपाल गौतम, हरिनंदन परती बाबा, डॉ. विजय प्रताप, राजगोपाल भारती, त्रिभुवन प्रसाद, बर्फी गौतम, विशाल चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, दुर्गा प्रसाद उपाध्याय, रामसरोज उपाध्याय, चंद्र प्रकाश नारायण उर्फ चिंटू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बलरामपुर।** ललिया थाना क्षेत्र के बलदेवनगर गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर–ट्रॉली लाल मोरंग लादकर बलदेवनगर गांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव निवासी सत्यदेव यादव अपने घर से दुकान की ओर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की असमय मौत से परिवार का



रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। सूचना मिलने पर ललिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर–ट्रॉली को भी अपने कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ललिया मृत्युंजय सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर–ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है तथा परिजनों की तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बारात में युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध चाकू बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

**खेसरहा।** खेसरहा थाना क्षेत्र के रिउना गांव में बारात के दौरान हुए विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 13 जून को भेडौहा गांव से रिउना गांव बारात गई थी। द्वारपूजा के बाद पुरानी रंजिश को लेकर रिउना निवासी कृष्णा तथा बारात में शामिल डब्लू और बृजेश के बीच कहासुनी शुरू हो



गई। विवाद बढ़ने पर बीच–बचाव करने पहुंचे नरसिंह पुत्र इंद्रजीत निवासी रिउना को आरोपियों ने निशाना बना लिया। आरोप है कि डब्लू ने नरसिंह को पकड़ लिया, जबकि बृजेश ने उसकी पीठ पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नरसिंह को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में पीड़ित की मां की तहरीर पर 14 जून को खेसरहा थाने में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को बनकटा–सुपौली मार्ग से आरोपी बृजेश पुत्र रामसुमेर और डब्लू पुत्र अवधराज, निवासी भेडौहा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी कुर्थिया उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव, मुख्य आरक्षी मलखा साहनी एवं उमेश चंद शामिल रहे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# जिला अध्यक्ष ने विधायक विनय वर्मा को दिया मोबाइल संबंधी ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**लोटन।** विकास खण्ड जोगिया में पंचायत सहायकों ने मोबाइल संबंधी ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी और विधानसभा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा को मोबाइल संबंधी ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि पंचायत सहायकों को मोबाइल की अत्यंत आवश्यकता है। कुछ पंचायत सहायकों के पास ऐसा मोबाइल है जिस मोबाइल से काम करना मुश्किल होता है। कोई कोई ऐप खुलता ही नहीं



है।जिस कारण काम करना मुश्किल है। शासन स्तर से अगर मोबाइल मिल जाता तो काम करने में सहूलियत मिलती। 6000 मानदेय मिलता है। इस अल्प मानदेय में काम करना मुश्किल हो जाता है। उक्त अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष काजल, अभिषेक, राजेश, ओमकार साहनी, चन्द्रेश, अजय, फरहाद, लवकुश ,अजय कुमार, किरण, सुमन आदि मौजूद रही।

# सम्पादकीय

**इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य ...**

## गरीबों की हित–रक्षा वाली हो स्वास्थ्य नीति



ऐसे वक्त में जब महंगाई के कारण जीवनयापन कठिन हो रहा है, नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एन.पी.पी.ए. द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि की इजाजत देना कमजोर वर्गों के लिए 'कंगाली में आटा गीला होना' जैसा है। एन.पी.पी.ए. द्वारा जिन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की इजाजत दी गई है, उनमें कुछ कैंसर की दवाएं, एंटी–टेटनस सीरम और बच्चों के टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। निश्चय ही यह फैसला पब्लिक हेल्थ पॉलिसी से जुड़ी विसंगतियों को दर्शाता है। निस्संदेह, भारत जैसे देश में जरूरी दवाओं को सस्ता रखना बेहद जरूरी है, जहां बहुत से परिवार इलाज का खर्च अपनी जेब से उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर, यह भी जरूरी है कि जीवनरक्षक दवाओं की बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बहुत संभव है कि अमेरिका–ईरान युद्ध संकट से बाधित आपूर्ति शृंखला के चलते कुछ दवाइयों व टीकों की कीमतों में बढ़ोतरी को तार्किक बताया जाए, लेकिन चिकित्सा व्यवस्था में अमीर–गरीब की आर्थिक क्षमता को लेकर उठने वाले सवाल न्यायसंगत ही कहे जाएंगे। दरअसल, एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कमी और बढ़ती लागत को कीमत वृद्धि का कारण बताया है। दलील दी गई कि यदि दवा बनाने वाली कंपनियां इनकी उत्पादन लागत नहीं निकाल पाती हैं तो वे खुले बाजार में इन दवाइयों की आपूर्ति बंद कर सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद गरीब तबके की सीमाओं और आर्थिक स्थिति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। बहरहाल, इस बाबत दी गई दलीलों के बावजूद एक सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता कि इस देश में करोड़ों लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाने के लिए संघर्ष करते हैं। निर्विवाद रूप से कैंसर के इलाज और बच्चों को बीमारियों से बचाने वाली दवाइयों की कीमतों में पचास फीसदी बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गहरे आर्थिक संकट में डाल सकती हैं। मरीजों के लिए इलाज के खर्च में दवाओं के अलावा, रोग की जांच, दूर–दराज के क्षेत्रों से बड़े अस्पतालों तक की यात्रा, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च तथा इस दौरान होने वाली आय की हानि भी शामिल होती है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में वृद्धि का अतिरिक्त बोझ उन्हें इलाज और जीवित रहने के बीच कई मुश्किल फैसले लेने को मजबूर कर सकता है। इसका समाधान किफायती होने और उपलब्धता के बीच चयन करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसा तंत्र विकसित करने में है, जो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सरकार को सरकारी अस्पतालों के लिए दवा खरीद व्यवस्था को पारदर्शी व मजबूत बनाने की जरूरत है। उसे सरकारी अस्पतालों के जरिये बिना किसी बाधा के दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में जरूरी दवाइयों को भी शामिल करना चाहिए, जिससे खास सब्सिडी के जरिये गरीब मरीजों को अचानक कीमतों में बढ़ोतरी से बचाया जा सके। इसके अलावा, दवाइयों की कीमतों से जुड़ी नीतियों की समय–समय पर समीक्षा भी होनी चाहिए, जिससे पता चल सके कि वास्तव में दवाइयों की लागत में कितनी वृद्धि हुई है।

## बंधक मन और फुर्सत

जब से आपने काम करना शुरू किया है, आपका दिमाग सालों से ओवरटाइम कर रहा है, तब भी जब आप छुट्टी पर होते हैं। ज्यादातर लोगों के लिए काम के बाद एक नॉर्मल शाम कुछ ऐसी होती है– आपके बच्चे बातें कर रहे होते हैं। आपका पार्टनर अपने दिन के बारे में बता रहा होता है। आप सिर हिला रहे होते हैं, लेकिन आपका दिमाग अभी भी उस मीटिंग रूम में होता है। परिवार के साथ डिनर कर रहे हैं, मगर मन ही मन अपने मैनेजर की कही बात दोहरा रहे हैं। छुट्टी पर गए हैं परंतु व्हाट्सएप और ईमेल चेक करने से बाज नहीं आते, स्वयं से ही बहाना बनाते हैं कि 'बस जरा–सा ही तो देखा है' का बहाना। सोने की कोशिश करते हैं परंतु मन ही मन कल की सोच रहे होते हैं। बाहर से, आप ठीक दिखते हैं। आपके पास नौकरी है, घर है, फोन है, जिंदगी 'ठीक–ठाक' दिखती है। मगर अंदर, आपका नर्वस सिस्टम अपना स्विच ऑफ करना भूल गया है। एक ऐसी कीमत है जो आपकी पेस्लिप पर कभी नहीं दिखती। आपका ध्यान। आपकी नींद। जिन लोगों से आप प्यार करते हैं उनके साथ आपका सब्र। बिना कमाए खुशी महसूस करने की आपकी काबिलियत। इसलिए आप शांत इशारों को नजरअंदाज कर देते हैं। जिस तरह आप छोटी–छोटी बातों पर चिढ़ जाते हैं। जिस तरह आपका शरीर कभी हल्का महसूस नहीं करता, रविवार दोपहर को भी नहीं। एक समय पर, यह काम के बारे में होना बंद हो जाता है। यह एक नर्वस सिस्टम बन जाता है जिसे अब याद नहीं रहता कि जब कुछ भी गलत न हो तो सुरक्षित कैसे महसूस किया जाए। दरअसल, यह प्रोडक्टिविटी नहीं है। यह क्रोनिक सर्वाइवल है। वर्ष 2025 में, पूरे भारत में 500 से ज्यादा लोग जो अलग–अलग लेवल पर इसी तरह के रूटीन से गुजर रहे थे, ऐसे लोगों को लेकर एक किताब आई है। इसके जरिए एक पैटर्न देखा गया कि अलग–अलग वेतन, अलग–अलग शहर, अलग–अलग कहानियां हैं सबकी, परंतु बदलाव के लिए सभी लालायित हैं। दिमाग 24 गुणा सात काम कर रहा है, और शरीर को अब घर लौटने की आदत नहीं रही। अच्छी खबर यह है कि आपका सिस्टम इसे फिर से सीख सकता है। आपको दिन में सिर्फ पांच से दस मिनट, छोटी–छोटी रेगुलर आदतें चाहिए, और जिंदगी अंदर से बाहर तक अलग लगने लगती है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह सब तब हो सकता है जब आप रिलैक्स रहें।

## मानवता ने चुकाई महत्वाकांक्षी युद्धों की कीमत

**यु)  के चलते स्थिति इतनी गंभीर है कि 14 देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है, हजारों उड़ानें रद्द या डाइवर्ट हुई हैं, और ईंधन की कीमतें 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। खाड़ी और भारत के यात्रा रूट पर टिकटों की कीमतें भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं। आर्थिक संकट आम आदमी की जीवनशैली पर भारी पड़ रहा है और विकास के लक्ष्य बेअसर हो रहे हैं। इस बीच, हथियार व्यापार और यु)रत देशों की राजनीति मानवता और शांति ...**

अमेरिका–ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। सदियों से महाशक्तियों की महत्वाकांक्षा का खमियाजा वे लोग भुगतते हैं, जिनकी युद्ध में कोई भूमिका नहीं होती। पिछले तीन वर्षों से अधि‍क समय से विश्व अलग–अलग क्षेत्रों में युद्ध की विभीषिका झेल रहा है। रूस–यूक्रेन युद्धः के चलते दोनों देशों की संपत्ति और विश्व आपूर्ति शृंखला को नुकसान हुआ। दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई और श्रम शक्ति का विस्थापन हुआ। लेकिन लड़ाई समाप्त होने का नाम नहीं ले रही। पश्चिमी एशिया में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी तनाव और अस्थिर संघर्ष, भले ही टलने की स्थिति में दिखे, लेकिन यह मानवता के लिए गंभीर क्षति पहुंचा रहा है। साथ ही चीन–ताइवान तनाव से एक और वैश्विक युद्ध का खतरा बढ़ता दिखता है। यदि यह संघर्ष भारत की सीमाओं तक पहुंचा, तो न केवल विश्व अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि भारत भी तमाम आर्थिक चुनौतियों का सामना कर सकता है।



अमेरिका–ईरान युद्ध से यूं तो पूरी दुनिया प्रभावित है, लेकिन विकासशील अर्थव्यवस्थाएं गहरे तक प्रभावित हो रही हैं। यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा खाड़ी स्थित ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने और संवर्धि‍त यूरेनियम पर कब्जा करने के कथित लक्ष्य के साथ शुरू हुआ। वास्तव में इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का युद्ध में कूदने का उद्देश्य अपनी राजनीतिक सुरक्षा था। अमेरिका ने अपनी शक्ति पर गुमान करते हुए युद्ध छेड़ा, लेकिन इसके परिणामस्वरूप संघर्ष की विभीषिका से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था चरमरा गई। इस संघर्ष का परिणाम यह हुआ कि अमेरिका–ईरान युद्ध में 14 देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गए, क्योंकि खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे स्थित थे। ईरान ने मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। दो महीने बाद शांति वार्ता शुरू हुई, लेकिन दोनों पक्ष बातचीत के लिए तैयार नहीं थे। अमेरिका संवर्धित यूरेनियम पर कब्जा और होर्मुज मार्ग खुलवाना चाहता है, जबकि ईरान के फ्रीज खातों को खोलने और प्रतिबंध हटाने पर सहमति नहीं दे रहा था। दूसरी ओर, ईरान ने होर्मुज के मुहाने पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे तेल और गैस के टैंकर अटक गए हैं। अमेरिका भी ओमान की खाड़ी में नाकाबंदी कर रहा है। इससे दुनिया भर में कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति का संकट पैदा हुआ है, जिससे तमाम देशों में महंगाई और ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है।

आर्थिक विश्लेषक कहते हैं कि इस युद्धः के कारण दुनिया को इस समय तक अनुमानित 474 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन चेताता है कि अगर यूं ही ऊर्जा आपूर्ति बाधित रही तो पूरी दुनिया की जीडीपी घट जाएगी और रोजगार के अवसर समाप्त हो जाएंगे। ईरान की परमाणु शक्ति, होर्मुज मार्ग, फ्रीज की गई संपत्तियां और लेबनान में हिज्बुल्लाह से जुड़े मुद्दे शांति स्थापना में प्रमुख बाधाएं हैं। यद्यपि अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम बढ़ाया था, फिर भी परमाणु कार्यक्रम और फ्रीज फंडों को लेकर दोनों के मतभेद लंबे समय तक बने रहे। इन विवादों के कारण संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा था। विश्व की शक्तियों को समझना चाहिए कि युद्धः को लंबे समय तक नहीं चलाया जा सकता। अमेरिकी संसद बार–बार कहती रही है कि यह युद्धः तुरंत बंद होना चाहिए लेकिन ट्रम्प अपनी विजेता की छवि बनाकर ही इस युद्धः से निकलना चाह रहे थे, जो तत्काल संभव नजर नहीं आता था।

ईरान ने अमेरिका जैसी महाशक्ति और इस्राइल की एकजुटता से मुश्किल लड़ाई लड़ी है, लेकिन अमेरिका का लगातार प्रतिरोधः‍ किया है। किसी भी समाधान के लिए दोनों पक्षों को लचीलापन दिखाना चाहिए, ताकि युद्ध की विभीषिका खत्म हो। तभी विश्व की आपूर्ति श्रृंखला को सामान्य बनाया जा सकता है। यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान और कतर के बैक–चौनल प्रयास तक अमेरिकादृ ईरान टकराव का समाधान समय रहते खत्म कर पाये। जिससे काफी समय तक सीमित युद्ध और होर्मुज नाकाबंदी जारी रही। जिसके कारण दुनिया आर्थिक संकट, महंगे ईंधन और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याओं का सामना करती रही। परिणामस्वरूप, वैश्विक स्तर पर आर्थिक अस्थिरता बढ़ती रही ।

वहीं दूसरी ओर आशंका जतायी जा रही है कि इस्राइलदृहिज्बुल्लाह की झड़पें लेबनान में बड़े युद्ध का रूप ले सकती हैं। जिसका ईरान लगातार विरोध करता रहा है। यह मुद्दा भी समझौते होने में बाधक बना रहा है।

युद्ध के चलते स्थिति इतनी गंभीर है कि 14 देशों का एयरस्पेस बंद हो गया है, हजारों उड़ानें रद्द या डाइवर्ट हुई हैं, और ईंधन की कीमतें 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। खाड़ी और भारत के यात्रा रूट पर टिकटों की कीमतें भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हैं।

## हनुमान भक्ति और बाबा नीम करौली की कृपा से आलोकित तीर्थ

**कौन थे बाबा नीम करौली: बाबा नीम करौली का वास्तविक नाम लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं पिता का नाम दुर्गा प्रसाद शर्मा था। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के अकबरपुर गांव में 1900 के आसपास हुआ था। 11 वर्ष की उम्र में ही बाबा का विवाह हो गया था। 17 वर्ष की उम्र में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हो गयी थी। बाबा 1958 में गृह–त्याग कर साधु वेष में यात्रा पर निकल गये और पूरे उत्तर भारत में साधुओं की भांति...**

कैंची धाम आश्रम देवभूमि उत्तराखंड की सुरम्य पहाड़ियों में बसा एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र है, जिसकी स्थापना संत नीम करौली बाबा ने की थी। यह स्थान अपनी दिव्यता, शांति और चमत्कारिक मान्यताओं के कारण देश–विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। हनुमान भक्ति, आत्मिक शांति और आस्था का यह तीर्थ आज लाखों भक्तों के लिए प्रेरणा और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। कैंची धाम आश्रम देवभूमि उत्तराखंड की सुरम्य पहाड़ियों पर स्थित एक आध्यात्मिक केंद्र है। यह श्रद्धालुओं के बीच काफी लोकप्रिय है। प्रसिद्ध संत बाबा नीम करौली ने यहां एक आश्रम स्थापित किया था, जो आज एक शांतिपूर्ण, दिव्य, रमणीक एवं मन को लुभाने वाला आश्रय स्थल के रूप में जाना जाता है। वैसे तो, आंतरिक शांति की तलाश में ध्यान और साधना करने वालों के लिए यह एक आदर्श स्थान है, लेकिन जीवन में सुख–समृद्धि की चाह रखने वाले श्रद्धालु भी यहां लाखों की संख्या में आते हैं।

आश्रम अनेक मंदिरों से घिरा हुआ है, जिसमें हनुमान जी के अतिरिक्त भगवान श्रीराम, माता सीता एवं देवी दुर्गा जी के भी छोटे–छोटे मंदिर बने हुए हैं। हालांकि, कैंची धाम मुख्य रूप से बाबा नीम करौली के चमत्कारों और हनुमान जी की दिव्य एवं भव्य महिमा के लिए प्रसिद्ध है। यहीं पर बाबा का समाधि स्थल भी स्थित है। यहां बाबा नीम करौली की एक भव्य मूर्ति भी स्थापित की गई है। साथ ही, आश्रम में एक पवित्र गुफा भी आकर्षण का लोकप्रिय केंद्र है, जहां पर बाबा नीम करौली की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालु प्रार्थना करते हैं।



**धाम नाम का रहस्यः** कैंची धाम की सड़कें दो मोड़ों से होकर आगे बढ़ती हुई कैंची का आकार बनाती हैं। इसीलिए उक्त सड़क पर स्थित मोड़ को 'कैंची मोड़' कहा जाता था, जो बाद में पूरे क्षेत्र की पहचान बन गया। बाद में, जब बाबा नीम करौली ने यहां पर अपना आश्रम स्थापित किया तब यह पूरा क्षेत्र ही कैंची धाम के रूप में प्रसिद्ध हो गया। इसे 'नीम करौली बाबा का कैंची धाम' नाम से भी जाना जाता है।

**रामायणकाल की घटनाओं का दिव्य स्थलः** बाबा नीम करौली के भक्तों में क्रिकेट और मनोरंजन जगत की अनेक हस्तियां और देश–विदेश के कई दिग्गज व्यापारी, उद्योगपति आदि शामिल रहे हैं। बाबा के भक्तों में एप्पल के मालिक स्टीव जॉब्स, फेसबुक के मालिक मार्क जुकरबर्क और हॉलीवुड एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस धाम की यात्रा करके इन हस्तियों का जीवन पूरी तरह से बदल गया था, जिसके बाद ये बाबा के चमत्कारों पर विश्वास करने लगे। यही नहीं, लोकप्रिय लेखक रिचर्ड अल्बर्ट, जिन्हें बाबा ने 'रामदास' नाम दिया था, ने नीम करौली बाबा के चमत्कारों पर आधारित 'मिरेकल ऑफ लव' यानी 'अभेद्य कंबल का चमत्कार' नामक एक पुस्तक लिखी है। इसमें रिचर्ड अल्बर्ट उर्फ 'रामदास' ने 'बुलेटप्रूफ ब्लैंकेट' नाम से बाबा से जुड़ी एक चमत्कारी घटना का उल्लेख किया है। बता दें कि बाबा सदैव कंबल ही ओढ़ा करते थे। इसीलिए आज भी जब लोग कैंची धाम आते हैं, तो बाबा को कंबल अवश्य भेंट करते हैं।

**कौन थे बाबा नीम करौलीः** बाबा नीम करौली का वास्तविक नाम लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं पिता का नाम दुर्गा प्रसाद शर्मा था। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के अकबरपुर गांव में 1900 के आसपास हुआ था। 11 वर्ष की उम्र में ही बाबा का विवाह हो गया था। 17 वर्ष की उम्र में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हो गयी थी। बाबा 1958 में गृह–त्याग कर साधु वेष में यात्रा पर निकल गये और पूरे उत्तर भारत में साधुओं की भांति विचरण करने लगे थे। उस दौरान लक्ष्मण दास, हांडी वाले बाबा और तिकोनिया वाले बाबा सहित वे कई नामों से जाने जाते थे। गुजरात के ववानिया मोरबी में तपस्या की तो वहां उन्हें तलईया बाबा के नाम से पुकारते लगे थे।

**मेले का आयोजनः** सनद्द 1958 में गृह–त्याग करने के बाद साधु वेष में उत्तर भारत की यात्रा पर निकले बाबा घूमते–घूमते 1961 में हिमालय की तलहटी में समुद्र तल से लगभग 1400 मीटर की ऊंचाई पर स्थित उत्तराखंड के नैनीताल स्थित 'कैंची धाम' पहुंचे थे। इस मनोरम पहाड़ी क्षेत्र में देवदार के वृक्षों के मध्य नैनीताल–अल्मोड़ा मार्ग पर बसे 'कैंची धाम' में बाबा नीम करौली ने 1964 में एक आश्रम की स्थापना की। उसी वर्ष 15 जून को बाबा ने कैंची धाम स्थित मंदिर में हनुमान जी की भव्य–दिव्य मूर्ति प्रतिष्ठापित की थी। तब से ही, प्रति वर्ष 15 जून को 'प्रतिष्ठा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उक्त अवसर पर, कैंची धाम में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें शामिल होने देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु आते और बाबा का आशीष एवं कृपा–प्रसाद पाते हैं।

**कैसे पहुंचे कैंची धामः** दिल्ली से नैनीताल की दूरी लगभग 325 किलोमीटर और वहां से कैंची धाम 17 किमी दूर स्थित है। सड़क मार्ग से जाने में लगभग 6–7 घंटे का समय लगता है। वहीं, हवाई जहाज से कैंची धाम जाने के इच्छुक लोग हवाई यात्रा कर नैनीताल स्थित पंतनगर हवाई अड्डा पहुंचकर वहां से, मात्र 70 किमी दूर अवस्थित कैंची धाम आश्रम तक टैक्सी या बस के द्वारा पहुंचा जा सकता है। इसी प्रकार, ट्रेन से जाने वाले श्रद्धालु कैंची धाम आश्रम के निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम और वहां से टैक्सी या बस के द्वारा मात्र 38 किलोमीटर दूरी पर स्थित कैंची धाम आश्रम तक पहुंचने में अधिक समय नहीं लगता है।



# डोनाल्ड ट्रंप की शांति डील को इजराइल का बड़ा झटका, कहा– ये समझौता हम पर लागू नहीं होता

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन–गवीर ने सोमवार को ईरान के साथ अमेरिका की मध्यस्थता में हुए कथित समझौते की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इजराइल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित किसी भी समझौते से बंधा नहीं होगा और जोर देकर कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़े फैसले वाशिंगटन में नहीं, बल्कि यरूशलेम में लिए जाएंगे। यह तीखी प्रतिक्रिया ट्रंप की उस घोषणा के तुरंत बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ एक समझौता पूरा हो गया है। इस समझौते में अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी हटाना और रणनीतिक रूप से बेहद अहम श्स्ट्रेट ऑफ होर्मुजश को फिर से खोलना शामिल है। बेन–ग्विर ने एक्स पर लिखा कि ट्रंप का समझौता हम पर लागू नहीं होता। इजराइल अमेरिका के अधीन नहीं है, और हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र हैं। हम अमेरिका से प्यार करते हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के आभारी हैं। फिर भी, इजराइल कोई शबनाना रिपब्लिकश नहीं है।



**इजराइल की सुरक्षा सबसे पहले**

एक लंबे बयान में, दक्षिणपंथी मंत्री ने कहा कि इजराइल की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों, सैनिकों और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के प्रति है। उन्होंने कहा कि हमारा फर्ज इजराइल के नागरिकों, प्थ के सैनिकों और यहूदी लोगों के प्रति है। साथ ही, हजारों सालों के निर्वासन के दौरान सताए गए और मारे गए यहूदियों के प्रति हमारा ऐतिहासिक फर्ज है कि हम इजराइल की धरती पर यहूदियों को सुरक्षा दें। बेन–ग्विर ने अंतरराष्ट्रीय दबाव में न झुकने की चेतावनी दी और तर्क दिया कि पहले के कूटनीतिक समझौतों ने इजराइल की सुरक्षा स्थिति को कमजोर कर दिया था। उन्होंने कहा कि जब भी हमने इजराइल की सुरक्षा से समझौता करके अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे घुटने टेके, तो हमें इसकी भारी कीमत खून बहाकर चुकानी पड़ी।ष उन्होंने ओस्लो समझौते, 2006 के लेबनान समझौते और गाजा में संयम बरतने के पिछले दौर का जिक्र किया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने प्रध ाानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सामने बार–बार अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से हमेशा ये बातें कहता रहता हूँ और हर अहम ऐतिहासिक मोड़ पर बंद कमरों में भी उन्हें दोहराता हूँ। ऐतिहासिक पलों में ऐतिहासिक फैसला ही लिया जाना चाहिए।

**हम इस समझौते के भागीदार नहीं हैं**

बेन–ग्वीर ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी ऐसे समझौते का विरोध करते हैं जो उनके विचार में इजराइल की सुरक्षा की गारंटी नहीं देता। उन्होंने कहा कि मेरा रुख स्पष्ट हैरू हम इस समझौते के भागीदार नहीं हैं जो हमारी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता, और यह हमें किसी भी तरह से बाध्य नहीं करता। मंत्री ने जोर देकर कहा कि इजराइल को हिज्बुल्लाह के खात्मे से कम किसी भी बात पर समझौता नहीं करना चाहिए और सैन्य अभियानों के दौरान कब्जे में लिए गए क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हिज्बुल्लाह के खात्मे से कम किसी भी बात पर समझौता नहीं करना चाहिए, हमें उन क्षेत्रों से पीछे नहीं हटना चाहिए जिन पर हमारे लड़ाकों ने कब्जा कर लिया है और जिन्हें आतंकी ढांचे से मुक्त कर दिया है, और हमें ऐसी स्थिति में वापस नहीं लौटना चाहिए जहां उत्तरी बस्तियों की सीमाओं पर हजारों आतंकवादी बैठे हों।

## जन कल्याण व स्वास्थ्य मेले में पहुंचे सदर विधायक, गर्भवती महिला की कराई गोदभराई

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन (सिद्धार्थनगर)। विकास खण्ड लोटन ब्लॉक परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण एवं स्वास्थ्य अभियान शिविर के दूसरे दिन सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक



उपस्थित रहे। उन्होंने ब्लॉक परिसर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और आम जनता को सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी।शिविर के दौरान सदर विधायक ने ब्लॉक परिसर में स्वास्थ्य, शिक्षा, .षि, वन विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने काउंटर पर तैनात अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और आम जनता को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।ब्लॉक सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने महिलाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न निरूशुल्क और सुरक्षात्मक योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।स्वास्थ्य मेले के दौरान एक बेहद संवेदनशील और मांगलिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। यहां उपस्थित महजबीन खातून नाम की गर्भवती महिला की सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और आंगनबाड़ी सुपरवाइजर साधना की मौजूदगी में पूरे विधि–विधान से गोदभराई की रस्म पूरी कराई गई और उन्हें पोषण किट दी गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विधायक, ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ और प्रधान संघ अध्यक्ष ने ब्लॉक परिसर में एक–एक पौधा रोपा।इस भव्य आयोजन के दौरान ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सर्वेश मोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ला, नौगढ़ पूर्ति निरीक्षक माला गुप्ता, अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, रवींद्र कुमार जाटव सहित भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। यह शिविर मंगलवार तक आयोजित किया जाएगा।

## लास्टिक के गैलन में नहीं मिलेगा डीजल, धान की नर्सरी सूखने की चिंता

दैनिक बुद्ध का संदेश/
षषांक मिश्र

खेसरहा। पेट्रोल पंपों पर अब प्लास्टिक के गैलन में डीजल नहीं दिया जा रहा है। तेल कंपनियों के नए सुरक्षा निर्देशों के तहत केवल लोहे या अन्य स्वी.त सुरक्षित कंटेनरों में ही डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था से क्षेत्र के किसान परेशान हैं, क्योंकि अधिकांश किसान प्लास्टिक के डिब्बों में डीजल लेकर खेतों तक पहुंचाते थे।धान की नर्सरी तैयार होने के साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए लगातार डीजल की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन नए नियम के कारण प्लास्टिक के डिब्बे लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे किसानों को कर्मी वापस लौटा दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनके पास लोहे के कंटेनर उपलब्ध नहीं हैं



और बाजार में उनकी कीमत भी अधिक है।किसानों को आशंका है कि यदि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो खेतों में तैयार धान की नर्सरी सूख सकती है। इसका सीधा असर रोपाई और फसल उत्पादन पर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खेती के मौसम को देखते हुए कोई व्यावहारिक समाधान निकाला जाए, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो और किसानों को समय पर डीजल मिल सके।जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा मानकों के तहत प्लास्टिक के गैलन में डीजल देने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि डीजल ज्वलनशील पदार्थ है और प्लास्टिक कंटेनरों में इसके परिवहन से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए केवल सुरक्षित एवं निर्धारित मानकों वाले कंटेनरों में ही डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि जनपद में डीजल की कोई कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध है।

## सब्जी तोड़ने गए किसान पर सांड का हमला, गंभीर रूप से घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। बांसी तहसील क्षेत्र के विकास खंड खेसरहा अंतर्गत छितही गांव में रविवार सुबह एक आवारा सांड के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का



माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सांड को पकड़वाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार, छितही गांव निवासी गया प्रसाद पुत्र बलेसर रविवार सुबह करीब छह बजे अपने खेत में सब्जी तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक सांड उनकी सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। जब उन्होंने उसे खेत से भगाने का प्रयास किया तो सांड अचानक उग्र हो गया और उन पर हमला कर दिया।हमले में गया प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बाएं हाथ और सीने की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और राहगीरों ने किसी तरह सांड को भगाकर उनकी जान बचाई। इसके बाद घायल किसान को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत में सुधार है।ग्रामीणों का कहना है कि यह आवारा सांड लंबे समय से क्षेत्र में घूम रहा है और लगातार फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के लिए भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सांड को पकड़वाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## खेसरहा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, साइबर फ्रश्ड के शिकार युवक को वापस मिले 23,500 रुपये

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। साइबर अपराध के मामलों में पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खेसरहा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति की 23,500 रुपये की धनराशि पुलिस ने वापस कराई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में थाना खेसरहा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीड़ित की धनराशि वापस दिलाई।पुलिस के अनुसार ग्राम इमिलिया निवासी अनिल कुमार ने 1 जून 2026 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ यूपीआई के माध्यम से 23,500 रुपये की साइबर ठगी हो गई है। शिकायत संख्या 33105260122470 पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खेसरहा थाना साइबर सेल ने संबंधित बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई।




## अनुमति से अधिक सागवान कटान का मामला, वन विभाग ने 704 बोटा लकड़ी की जब्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिले के तुलसीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेहरा गांव में सागवान के पेड़ों की कटान और लकड़ी के अवैध भंडारण के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 704 बोटा लकड़ी बरामद कर जब्त कर ली है। मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, 14 जून 2026 की शाम लगभग 6.20 बजे वन विभाग को सूचना मिली कि रेहरा गांव में बिना वैध अनुमति के सागवान के पेड़ों की कटान कर लकड़ी का भंडारण किया जा रहा है। सूचना पर बरहवा वन रेंज की



टीम ने एसएसबी के जवानों के साथ संयुक्त छापेमारी की।छापेमारी के दौरान गांव स्थित एक बगीचे में भारी मात्रा में सागवान की काटी गई लकड़ी मिली। स्थानीय लोगों से पूछताछ में लकड़ी को रेहरा निवासी मो. गुलाम रसूल द्वारा कटवाए जाने की जानकारी सामने आई।वन विभाग की प्रारंभिक जांच में पता चला कि संबंधित व्यक्ति को 60 सागवान पेड़ों के कटान की अनुमति प्रदान की गई थी, लेकिन मौके पर मिली लकड़ी की मात्रा अनुमति से अधिक कटान की आशंका को दर्शा रही थी। विभागीय टीम द्वारा की गई गिनती में कुल 704 बोटा लकड़ी बरामद हुई, जिसमें 535 बोटा सागवान तथा 169 बोटा जलौनी लकड़ी शामिल है।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि लकड़ी को जिस स्थान पर रखने की अनुमति ली गई थी, वहां न रखकर दूसरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में भंडारित किया गया था। वन विभाग ने पूरी लकड़ी को जब्त कर लिया है।

इस संबंध में मो. गुलाम रसूल के विरुद्ध उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 की धारा 4/10 तथा अभिवहन नियमावली, 1978 की धारा 3/28 के अंतर्गत रेंज केस संख्या 07/2026–27 दर्ज किया गया है। विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## खेसरहा में पुलिया निर्माण की धीमी रतार से ग्रामीण चिंतित, बरसात से पहले कार्य पूरा करने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश/षषांक मिश्र

खेसरहा। विकास खंड खेसरहा के कुड़जा.सुरहीताल मार्ग पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे पुलिया निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण लोगों को आशंका है कि यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो आवागमन बाधित हो सकता है और ग्रामीणों को भारी



परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि कुड़जा.सुरहीताल मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। निर्माण कार्य अधूरा रहने की स्थिति में बरसात के दौरान जलभराव और कीचड़ के कारण मार्ग पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। ग्रामीण सत्यम पांडेय, पीयूष राय और शैलेश सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ती है और दैनिक जरूरतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले पुलिया का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो लोगों को लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ेगा। वहीं निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार बेचन प्रसाद ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य प्रगति पर है। तकनीकी प्रक्रियाओं और आवश्यक निर्माण कार्यों के कारण कुछ समय लग रहा है, लेकिन कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि बरसात से पहले लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है, जिससे बरसात के दौरान यातायात प्रभावित न हो और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## हनुमानगढ़ी मंदिर में गूंजा सुंदरकांड, नीम करौली बाबा के मंदिर स्थापना पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुख्यालय स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में सोमवार को कैंची धाम के परम पूज्य श्री नीम करौली बाबा मंदिर स्थापना अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुंदरकांड का श्रवण किया तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन–अर्चन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ किया।






पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीराम, जय हनुमान और नीम करौली बाबा के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने उपस्थित होकर पूजा–अर्चना की और क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। आयोजन में प्रमुख रूप से संतोष श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, शिवदत्त अग्रहरि,पप्पू चौबे, महेश्वर अग्रहरी, शिव कुमार जायसवाल, शुभम श्रीवास्तव, विनोद बाजाज, अखंड प्रताप सिंह,देवेश मणि त्रिपाठी,सुरेंद्र श्रीवास्तव,संतोष कुमार कश्यप, श्रीश श्रीवास्तव, रजनीश उपाध्याय,पंकज पासवान, रमेश गुप्ता, रमेश मणि त्रिपाठी ,अरुण प्रजापति,नितेश पांडेय, मनोरम पांडेय,सुधाा त्रिपाठी,अश्वनी मिश्रा, अम्बालिका मिश्र,श्रद्धा मिश्रा, सरिता पाण्डेय,अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि सुंदरकांड पाठ जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्.तिक मूल्यों को सु.ढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से भी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।सुंदरकांड पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में आना–जाना लगा रहा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का यह आयोजन क्षेत्र में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा तथा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर गया।

# विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष: प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश








**सिद्धार्थनगर।** विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग के मंत्री तथा जनपद प्रभारी मंत्री ''अनिल राजभर'' ने की। इस अवसर पर कपिलवस्तु विधायक ''श्यामधनी राही'', जिला पंचायत अध्यक्ष ''शीतल सिंह'', भाजपा जिलाध्यक्ष ''दीपक मौर्य'', पूर्व विधायक डुमरियागंज ''राघवेंद्र प्रताप सिंह'', जिलाधिकारी ''शिवशरणप्पा जी.एन.'' तथा पुलिस अधीक्षक ''डॉ. अभिषेक महाजन'' उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान विकास खंडों में जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ–साथ योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से देश की विरासत को संरक्षित करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया गया है। आज भारत आर्थिक रूप से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है और सनातन संस्कृति का गौरव विश्व पटल पर स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीबों का कल्याण, युवाओं का सशक्तिकरण, किसानों की खुशहाली और मातृशक्ति का सम्मान है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर देश की जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2014 के बाद 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का कार्य किया गया है। लखपति दीदी और करोड़पति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। शौचालय निर्माण से महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को मजबूती मिली है। खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बना है और विश्व स्तर पर देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि देश में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। पावर, परिवहन और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला है। उत्तर प्रदेश, जो कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाता था, आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2017 से अब तक लगभग ''9.30 लाख सरकारी नौकरियां'' प्रदान की हैं तथा ''16 लाख से अधिक लोगों को निजी क्षेत्र में रोजगार'' से जोड़ा गया है। वहीं ''36 लाख से अधिक युवाओं को करियर काउंसलिंग'' का लाभ मिला है और ''50 हजार से अधिक लोग विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित कुल एक्सप्रेसवे का लगभग ''56 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है।'' बेहतर बिजली आपूर्ति के कारण प्रदेश में कोई भी औद्योगिक इकाई बंद नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की सराहना देश–दुनिया में की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश का कोई भी युवा रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर न हो, बल्कि अन्य राज्यों के लोग उत्तर



प्रदेश में रोजगार की तलाश में आएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को दो औद्योगिक पार्क दिए गए हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। नया भारत और नया उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं का प्रदेश बनकर देश की विकास यात्रा का ग्रोथ इंजन साबित हो रहा है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा ''विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष' नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष ''गोविंद माधव'', अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ''गौरव श्रीवास्तव'', अन्य संबंधित अधिकारी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राप्ती नदी में डूबी दो वर्षीय बालिका का शव बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर।राप्ती नदी में डूबकर लापता हुई दो वर्षीय बालिका का शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हरीम पुत्री आरिफ खान, निवासी ग्राम मलगहिया, थाना ढेबरूआ, जनपद सिद्धार्थनगर अपने ननिहाल ग्राम तय्यबपुर परसौना आई हुई थी। बालिका 14 जून की शाम लगभग पांच बजे ग्राम पूरे पांड़ेजोत के पास राप्ती नदी में डूब गई थी। घटना के बाद पुलिस, स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी। लगातार चलाए गए खोज अभियान के दौरान बालिका का शव जिगना घाट साइफन के पास बरामद है, पुलिस ने कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष राना प्रताप सिंह ने बताया कि बालिका के नदी में डूबने की सूचना मिलने पर तत्काल खोज अभियान शुरू कराया गया था। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस टीम के प्रयास से शव बरामद कर लिया गया। शव का पंचनामा भरकर परिवारी जनों को सौंप दिया गया। शव की तलाश में बांक चौकी प्रभारी किसलय मिश्र, हेड कांस्टेबल विनय मौर्य सहित पुलिसकर्मी और स्थानीय गोताखोर जुटे रहे।

# स्टांप विक्रेताओं ने किया 01 दिवसीय हड़ताल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बांसी।** आल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन की तहसील ईकाई बांसी द्वारा सोमवार 15 जून को अपने कार्यों से विरत रहकर 01 दिवसीय हड़ताल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को लिखे 02 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन समक्ष अधिकारी को सौंपा गया। मांग के विषय में जारी शासनादेश जिसमें जून 2026 से उत्पन्न रोजी–रोटी के संकट एवं एथराइज्ड कलेक्शन सेंटर की 6 सूत्रीय व्यावहारिक समस्याओं के समाधान हेतु 20,000 परिवारों के भरण–पोषण हेतु एवं एससी को नई पंजीकरण व्यवस्था में समायोजित करने की प्रार्थना की गई। अपने 02 सूत्रीय मांगों में लिखा गया कि 10,000 एससी एवं 10,000 स्टाम्प वेंडर्स के 01 लाख परिवार एक झटके में बेरोजगार होने की कगार पर हैं। श्केरला केस (2006) 4 अधिकृत संग्रह केंद्र 327ष में सुप्रीम कोर्ट ने ष्वैध प्रत्याशाष के तहत हमें हटाने से रोका है। हमें प्रति स्टाम्प जारी करने के लिए बाध्य किया जाता है जिसमें श्प्रति स्टाम्प 5 रूपए का नुकसान होता है। लाभ की तो कल्पना ही नहीं की जा सकती। 2019 से अब तक फॉर्म–3 प्रिव्यू का अंबार लग गया है। कोई जिम्मेदार यह नहीं बताता कि फॉर्म कब तक संरक्षित रखना है, जबकि शरिकॉर्ड रखने की जिम्मेदारी सीआरए यानी स्टाक फोल्डिंग कारपोरेशन आफ इंडिया



लिमिटेड की है। फिर अधिकृत संग्रह केंद्र को क्यों बाध्य किया जाता है।हड़ताल में संतोष कुमार मिश्रा पूर्व सह प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव संतोष कुमार अग्रहरी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे सादुल्लाह खान उर्मिला देवी जगदीश प्रसाद आदि शामिल रहे।

# विश्व योग दिवस सप्ताह का भव्य शुभारंभ, सांसद जगदंबिका पाल ने किया उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विश्व योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ आज सिद्धार्थनगर स्थित जिला उद्यान पार्क







में मुख्य अतिथि के रूप में जगदम्बिका पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री पाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। सांसद पाल ने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नारेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के अनेक देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। करें योग, रहें निरोगष के संदेश के साथ विश्व योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

# सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष: शोहरतगढ़ विधानसभा में चला व्यापक जनसंपर्क अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश





**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों एवं शक्ति केंद्रों पर सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद किया गया। अभियान के दौरान शोहरतगढ़ मंडल के महादेवा नानकार बूथ पर प्रधान रिंकु चौधरी, पगहवा बूथ पर प्रधान गंगाधर मिश्रा, बढ़नी मंडल के मानपुर बूथ पर नन्द किशोर चौधरी, सेवरा बूथ पर राजेश कुमार तथा जियाभारी बूथ पर राम गोपाल पांडेय से भेंट कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और गरीब कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसी क्रम में कठेला मंडल के सौरहवा बूथ पर ओम प्रकाश सिंह तथा पचपेड़वा बूथ पर बृजेश्वर प्रताप श्रीवास्तव से आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों से संबंधित साहित्य भेंट किया गया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हुए विकास कार्यों, सुशासन तथा जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए अपना स्नेह, समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। अभियान का उद्देश्य आमजन को सरकार की योजनाओं से जोड़ते हुए विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाना है।

# 2027 में बस्ती में होगी बागेश्वर धाम सरकार की कथा

## 36 दिन की पदयात्रा के बाद गोविन्द दास का दावा

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** बागेश्वर धाम सरकार के श्रद्धालु गोविन्द दास ने दावा किया है कि बस्ती में वर्ष 2027 के मार्च–अप्रैल माह में बागेश्वर धाम सरकार की कथा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि गुरु वशिष्ठ की धरती बस्ती से शुरू हुई उनकी 36 दिवसीय पदयात्रा बागेश्वर धाम पहुंचकर सम्पन्न हुई, जहां उन्होंने बस्ती में कथा आयोजन का संकल्प परम पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समक्ष रखा। प्रेस वार्ता में गोविंद दास ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य बस्ती में बागेश्वर धाम सरकार की कथा कराना, सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना, समाज को एकजुट करना तथा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और हिंदू राष्ट्र के विचार को जन–जन तक पहुंचाना था। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम पहुंचने पर उनकी बात को विस्तार से सुना गया। गोविंद दास ने अपने गुरु राजू दास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कथा आयोजन के



संकल्प को महाराज जी के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। गोविन्द दास के अनुसार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने केवल आश्वासन ही नहीं बल्कि वचन दिया कि वर्ष 2027 के मार्च–अप्रैल माह में बस्ती में कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बस्ती के सनातन समाज को इस आयोजन के लिए तन, मन और धन से तैयार होना चाहिए। कथा आयोजन को लेकर जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जोड़ा जाएगा। समिति आयोजन की रूपरेखा तैयार कर आगे की रणनीति तय करेगी। गोविन्द दास ने कहा कि यात्रा के दौरान कई प्रकार की चुनौतियां और व्यवधान सामने आए, लेकिन उन्होंने इसे सनातन परंपरा में तप और संघर्ष का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान राम और ऋषि–मुनियों को भी अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, उसी प्रकार उन्होंने भी बाधाओं के बीच अपने संकल्प को पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह प्रेस वार्ता बस्ती के लोगों को कथा आयोजन की जानकारी देने और उन्हें आगामी तैयारियों के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। आयोजन की विस्तृत रूपरेखा और अन्य जानकारियां समय–समय पर प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा की जाएंगी।

## विद्यालयों में विद्युतीकरण, स्वच्छता एवं गुणवत्तापूर्ण मिड–डे मील सुनिश्चित करने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज




कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं विद्यालयों में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन विद्यालयों में अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें शीघ्र संतृप्त किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, रैंप, यूरिनल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनुपलब्ध हैं अथवा खराब स्थिति में हैं, उनकी मरम्मत एवं सु. ढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी द्वारा प्रस्तुत जानकारी का सत्यापन दूरभाष के माध्यम से कराया। सत्यापन में जानकारी असत्य पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता पिपरी के वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी देने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालयों में नियमित साफ–सफाई, फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता, शत–प्रतिशत विद्युतीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण मिड–डे मील व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय खुलने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धजनों के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में लगेंगे विशेष चिकित्सा एवं योग शिविर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2026 के उपलक्ष्य में



जनपद सोनभद्र में योग सप्ताह का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के साथ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जिसने आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सु.ढ़ बनाता है, बल्कि संतुलित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देता है।कार्यक्रम में बताया गया कि 15 जून से 21 जून 2026 तक पूरे जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता, योग जागरूकता अभियान तथा सामूहिक योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योग फॉर हेल्दी एजिंग (ल्वहं वित भ्मंसजील ।हमपदह)" निर्धारित की गई है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वृद्धजनों के लिए विशेष चिकित्सा एवं योग शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं जोड़ों से संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूकता एवं उपचार संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में आयुष विभाग एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी–कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जिलाधिकारी का विशेष जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट स्थित



जनसुनवाई कक्ष में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क स्थापित कर, आवश्यकतानुसार उनसे मुलाकात कर तथा उनका फीडबैक प्राप्त करते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व भूमि संबंधी शिकायतों के परीक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की। बताया गया कि परीक्षण हेतु प्राप्त कुल 6545 प्रकरणों में से अब तक 5902 शिकायतों का परीक्षण किया जा चुका है, जबकि 643 प्रकरणों का परीक्षण शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायत निस्तारण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## बाइक चोर गिरोह पर पुलिस का शिकंजा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा/महराजगंज। वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश



लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजनपदीय बाइक चोर गिरोह के तीन शातिर अभियुक्तों को गिरतार कर जेल भेज दिया है। गिरतार आरोपियों का संबंध नौतनवा, गोंडा और गोरखपुर में हुई कई बाइक चोरी की घटनाओं से बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी लंबे समय से विभिन्न जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। मुखबिर की सूचना और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरतार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी के वाहनों की खरीद–फरोख्त के नेटवर्क की जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है।पुलिस की इस सफलता को वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# दुष्कर्म के दोषी ओझा समेत दो को आजीवन कारावास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। करीब नौ वर्ष पूर्व ओझाई के बहाने एक महिला को सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्ल्यू, सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने सोमवार को दोषियों को सजा सुनाई। न्यायालय ने दोषी ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा तथा उसके सहयोगी लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोनों पर एक–एक लाख 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यदि दोषी अर्थदंड की राशि जमा नहीं करते हैं तो उन्हें छह–छह माह की अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतनी होगी। साथ ही, जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समाहित किया जाएगा। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि वसूल की जाने वाली अर्थदंड राशि का आधा हिस्सा पीड़िता को प्रदान किया जाए।अभियोजन पक्ष के अनुसार, वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने 27 अप्रैल 2017 को रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि वह विवाहित है और दो बच्चों की मां है। कुछ दिनों से बीमार रहने के कारण वह अपने मायके चंदौली आई हुई थी। 26 अप्रैल 2017 को उसका भाई उसे झाड़–फूंक और ओझाई के लिए रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के झपरी निवासी ओझा जगदेव शर्मा उर्फ जयदेव शर्मा के पास ले गया था, जहां लालू शर्मा उर्फ जनार्दन शर्मा भी मौजूद था।पीड़िता के मुताबिक, ओझा ने उपचार के बहाने उसे रात करीब 11 बजे सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी।तहरीर के आधार पर रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर विवेचक ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं, नौ गवाहों के बयान दर्ज किए तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। इसके बाद दोनों आरोपितों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी अधिवक्ता सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने प्रभावी पैरवी की।

## आपदा जागरूकता के लिए जनपद में चलाया जा रहा विशेष अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मानसून एवं आपदा की स्थिति को देखते हुए




जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोनभद्र एवं जिला पंचायत विभाग द्वारा जनपद में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत सचिवालयों, सार्वजनिक स्थलों, नदी तटों, जलाशयों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में डूबने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा संबंधी संदेश, सावधानियां एवं "क्या करें, क्या न करें" संबंधी महत्वपूर्ण स्लोगन साइन बोर्ड एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रदर्शित किए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नदी, तालाब एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को जागरूक एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जनपद के विभिन्न स्थानों पर चेतावनी एवं जागरूकता संदेश प्रदर्शित कर आमजन को सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि नदी एवं जलाशयों के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं, बच्चों पर विशेष निगरानी रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए संदेशों एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनका अनुपालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की आपदा अथवा दुर्घटना से बचा जा सके और जन–धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## खेसरहा क्षेत्र में महीनों से बंद पड़ी पानी की टंकी का निर्माण, शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे चोरईताल के ग्रामीण

दैनिक बुद्ध का संदेश/
शशांक मिश्र

खेसरहा। विकास खंड खेसरहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चोरईताल के राजस्व गांव सुरहीताल में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य कई महीनों से बंद पड़ा है। निर्माण कार्य ठप होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना अधूरी रह गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से सुरहीताल गांव में पानी की टंकी का निर्माण शुरू कराया गया था,



लेकिन लंबे समय से काम बंद होने के कारण परियोजना अधर में लटक गई है।ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था बेहद आवश्यक है। इसके बावजूद निर्माण कार्य रुका होने से ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। टंकी का निर्माण अधूरा होने के कारण गांव में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था भी शुरू नहीं हो सकी है।ग्रामीण संजय यादव ने बताया कि पानी की टंकी का निर्माण काफी समय से बंद पड़ा है, जिससे शुद्ध पेयजल मिलने की उम्मीद अधूरी रह गई है। जयराम यादव ने कहा कि यदि समय से निर्माण कार्य पूरा हो गया होता तो गांव के लोगों को पेयजल संकट से काफी राहत मिलती। वहीं हरिराम ने संबंधित विभाग से निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।ग्रामीण अनीता देवी ने बताया कि गांव की महिलाओं को आज भी पेयजल के लिए काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। उनका कहना है कि पानी की टंकी बन जाने से लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य तत्काल दोबारा शुरू कराकर शीघ्र पूरा कराने की मांग की है, ताकि चोरईताल और सुरहीताल गांव के लोगों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ मिल सके तथा शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## शिवनगर डिड़ई में कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट की गोष्ठी आयोजित, जनसहभागिता पर दिया गया जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुभांदु सिंह के मार्गदर्शन में थाना




शिवनगर डिड़ई में कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन थाना प्रभारी बृजेश सिंह द्वारा किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने कहा कि कम्यूनिटी पुलिसिंग का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने लोगों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति तथा यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया।क्षेत्राधिकारी शुभांदु सिंह ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग से ही सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।गोष्ठी के अंत में उपस्थित लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया।

## उसका–बृजमनगंज मार्ग पर राहगीरों के लिए आफत बनी नाली निर्माण के बाद छोड़ी गई मिट्टी

दैनिक बुद्ध का संदेश/
प्रवीन सिंह

सिद्धार्थनगर।उसका–बृजमनगंज मार्ग पर जिम्मेदार कार्यदायी संस्था और ठेकेदार की घोर लापरवाही का खामियाजा स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। कई महीने पहले नाली निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी को सड़क किनारे ही लावारिस छोड़ दिया गया था, जो अब आए दिन बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों का आरोप है कि इस मुख्य मार्ग पर कई महीने पहले नाली का निर्माण कार्य कराया गया था। निर्माण के समय गड्ढों से जो भारी मात्रा में मिट्टी निकाली गई, उसे सड़क के किनारे



और आवागमन वाले हिस्से पर ही ढेर कर के छोड़ दिया गया। महीनों बीत जाने के बाद भी इस मिट्टी को वहां से हटाने की जहमत किसी जिम्मेदार अधिकारी या ठेकेदार ने नहीं उठाई।सड़क किनारे जमा यह मिट्टी अब राहगीरों और विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबसे बड़ा सबब बन चुकी है। तेज हवा चलने पर जहां धूल का गुबार उड़ता है जिससे चालकों को सामने देखने में दिक्कत होती है, वहीं हल्की बारिश या ओस पड़ने पर यह मिट्टी पूरी सड़क पर फैलकर जानलेवा फिसलन पैदा कर देती है। इस स्थिति के चलते आए दिन गाड़ियां अनियंत्रित होकर पलट रही हैं और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। रात के अंधेरे में यह समस्या और भी ज्यादा खतरनाक रूप ले लेती है।सड़क से गुजरने वाले यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों में इस लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग से तत्काल मिट्टी हटवाई जाए ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

## तहसील सदर निरीक्षण के दौरान डीएम ने दिए गुणवत्तापूर्ण न्यायिक कार्यवाही के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तहसील



सदर गोण्डा का निरीक्षण कर राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार सदर के न्यायालय का निरीक्षण किया तथा न्यायिक कार्यों के संचालन संबंधी अभिलेखों एवं फाइलों की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि सभी वादों एवं प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की प्राथमिकता है।इसलिए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करते हुए न्यायालय की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाया जाए,जिससे आमजन को त्वरित न्याय प्राप्त हो सके तथा वादकारियों को किसी प्रकार की असुविधा या शिकायत का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को पूरा अवसर प्रदान किया जाए तथा उनकी बातों को निष्पक्षता के साथ सुना जाए।उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता,निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता बनाए रखना आवश्यक है, जिससे जनता का विश्वास प्रशासन एवं न्यायिक व्यवस्था में और अधिक सु.ढ़ हो सके।निरीक्षण के दौरान न्यायालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख–रखाव तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया गया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्रीमती रिंकी जायसवाल,तहसीलदार सदर मनीष कुमार,नायब तहसीलदार सदर चंदन जायसवाल सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, मकान नं0- 176, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टॉवर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद- बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ.प्र.-271201 से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 | सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद- सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# ईशान खट्टर की नई फिल्म जुगाड़ू का ऐलान, पहली बार पंजाबी अभिनेत्री तानिया बनेगी जोड़ीदार

ईशान खट्टर इस वक्त चर्चित वेब सीरीज द रॉयल्स के दूसरे सीजन में व्यस्त है। हाल ही में






खबर आई थी कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए पलाश वासवानी से हाथ मिलाया है, जिन्हें सोनी लिव की सीरीज गुल्लक के निर्देशक के लिए जाना जाता है। निर्माताओं की तरफ से इन चर्चाओं पर आधिकारिक मुहर लगा दी गई है। फिल्म का शीर्षक जुगाड़ू है, जिसका जिसका निर्माण टिप्स फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज मिलकर करेंगे। जुगाड़ू एक मजेदार कॉमेडी ड्रामा होगी, जिसमें ईशान मुख्य किरदार में नजर आएंगे। पंजाबी अभिनेत्री तानिया इसमें मुख्य अभिनेत्री होंगी और इस फिल्म के जरिए वह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। ईशान ने अपने इंस्टाग्राम पर क्लैपरबोर्ड के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए शूटिंग पर अपडेट दिया है। फिल्म का मुहूर्त 30 अप्रैल को मुंबई में आयोजित किया गया था। इसमें अभिषेक बनर्जी, जमील खान, वैभव राज गुप्ता, यामिनी दास, सुखविंदर चहल और निर्मल ऋषि भी शामिल हैं।

# गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का टीजर जारी, रिलीज तारीख से उठा पर्दा




गिप्पी ग्रेवाल अपनी लोकप्रिय पंजाबी फ्रैंचाइजी कैरी ऑन जट्टा की चौथी किस्त को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कैरी ऑन जट्टा 4 का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है। इसी के साथ फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। फिल्म का निर्देशन स्मीप कांग ने किया है, जबकि निर्माण गिप्पी और रवनीत कौर ग्रेवाल ने मिलकर किया है। हंबल मोशन पिक्चर्स एफजेडीसीओ द्वारा प्रस्तुत फिल्म 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। कैरी ऑन जट्टा 4 का टीजर अपने साथ पुरानी पागलपंती और कॉमेडी की भरपूर डोज लेकर लौटा है। सबसे खास बात जो ध्यान खींचती है, वो यह कि निर्माताओं ने टीजर में दिवंगत दिग्गज कॉमेडियन जसविंदर भल्ला को भावुक श्रद्धांजलि दी है। कुल मिलाकर पिछली तीनों किस्तों की तरह ही चौथी फिल्म के जरिए अभिनेता दमदार वापसी करने वाले हैं। फिल्म में गिप्पी के अलावा, सरगुन मेहता, बिन्नू ढिल्लों, गुरप्रीत गुग्गी और करमजीत अनमोल भी अहम किरदारों में शामिल हैं।

# टीवी इंडस्ट्री में सफलता रातोंरात नहीं मिलती, धैर्य और लगातार मेहनत ही असली चाबी है : अद्रिजा रॉय

टीवी इंडस्ट्री की चमक–दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने अपने विचार रखे। अद्रिजा रॉय ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम की गति बहुत तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग होती है और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टीवी पर प्रसारित हो जाता है। इस



तेज रफ्तार में कलाकारों को हर समय तैयार रहना पड़ता है और अपने किरदार को पूरी एनर्जी के साथ निभाना होता है। हर कॉल टाइम पर, हर शूटिंग शेड्यूल में बहुत बड़ी प्रोडक्शन टीम काम करती है, और कलाकार को इन सबके बीच संतुलन बनाए रखना होता है। ऐसे माहौल में शांत और फोकस्ड रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में किया गया काम कई बार असर को कम कर सकता है। उन्होंने कहा, टीवी इंडस्ट्री में सफलता तुरंत नहीं मिलती। कई लोग सोचते हैं कि एक अच्छा सीन या एक अच्छा प्रदर्शन उन्हें रातोंरात पहचान दिला देगा, लेकिन वास्तविकता अलग है। टीवी में नाम कमाने के लिए लगातार समय देना पड़ता है। एक–दो अच्छे सीन से लोकप्रियता मिल सकती है, लेकिन स्थायी सफलता की चाबी को लगातार मेहनत और धैर्य ही है। सोशल मीडिया पर भले ही कोई कलाकार जल्दी वायरल हो जाए, लेकिन टीवी इंडस्ट्री में पहचान धीरे–धीरे बनती है और समय के साथ मजबूत होती है। अद्रिजा रॉय ने लोकप्रियता और सफलता के बीच फर्क को समझाते हुए कहा, लोकप्रियता अक्सर अस्थायी होती है, जो किसी वायरल सीन, चर्चा या सोशल मीडिया ट्रेंड से जल्दी मिल सकती है। यह लंबे समय तक नहीं टिकती। दूसरी ओर सफलता एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें लगातार काम करना, अपने अभिनय को बेहतर बनाना और हर किरदार में सुधार लाना जरूरी होता है। जो लोग इस इंडस्ट्री में स्थायी रूप से सफल होना चाहते हैं, उन्हें समझना होगा कि सिर्फ चर्चा में रहना काफी नहीं है, बल्कि अपने काम में निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा, धैर्य मेरे लिए एक सोचने का तरीका बन गया है। धैर्य ने मुझे अपने काम के प्रति ज्यादा गंभीर और शांत बनाया है। अब मैं हर सीन को जल्दीबाजी में नहीं करती, बल्कि उसे समझकर और समय देकर निभाने की कोशिश करती हूं।

# कंगना और इम्तियाज की फिल्म को हॉन्टेड 3डी ने पछाड़ा, 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई पेद्दी




सिनेमाघरों में शुक्रवार को मैं वापस आऊंगा, भारत भाग्य विधाता और गर्वनर जैसी फिल्में रिलीज हुई हैं। पहले दिन फिल्मों ने कुछ खास कमाल नहीं किया। दूसरे दिन इन फिल्मों को वीकएंड का फायदा मिला और इनकी कमाई में मामूली बढ़त देखने को मिली है। खास बात यह है कि 12 जून को ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी भी रिलीज हुई। यह फिल्म इन तीनों फिल्मों पर भारी पड़ रही है। वहीं पेद्दी ने 10 दिनों में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। शनिवार को इस फिल्म को वीकएंड का फायदा मिलता नहीं दिख रहा है। दूसरे दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर 1.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन तीन करोड़ रुपये हो गया है। बंटवारे के दर्द को दिखाती इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी वाघ ने अदाकारी की है।

कंगना रनौत की अदाकारी वाली फिल्म भारत भाग्य विधाता भी सिनेमाघरों में 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की शुरुआत धीमी रही। वीकएंड पर इसकी कमाई में मामूली बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को इसने 1.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने सिर्फ एक करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन 2.45 करोड़ रुपये हो गया है।

मनोज बाजपेयी की अदाकारी वाली फिल्म गर्वनर की रिलीज को दो दिन हो चुके हैं। दूसरे दिन इसने 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ओपनिंग डे पर इसने बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। इसका कुल कलेक्शन 2.05 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म 1991 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर बनी है। इसके निर्देशक चिन्मय मांडलेकर हैं। 12 जून कोश्भारत भाग्य विधाता, श्मैं वापस आऊंगाश् और गवर्नर रिलीज हुई। इन्हीं फिल्मों के साथ सिनेमाघरों में शहॉन्टेड 3डीश् रिलीज हुई। इसने तीनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर पीछे छोड़ दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं दूसरे दिन इस फिल्म की कमाई 3.25 करोड़ रुपये रही। दो दिनों में फिल्म का कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह से इस फिल्म ने तीनों फिल्मों से ज्यादा कमाई की है। राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी वाली फिल्म पेद्दी ने दसवें दिन भी अच्छा कलेक्शन किया है। शनिवार को इसने 8.10 करोड़ रुपये की कमाई की है। शुक्रवार को इसने 5.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसका टोटल कलेक्शन 206. 80 करोड़ रुपये हो गया है।

# छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए अपनाएं ये 5 मेकअप के सुझाव, लगेंगी खूबसूरत



आंखों का आकार हमारे चेहरे की सुंदरता में अहम भूमिका निभाता है। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो मेकअप की मदद से आप उन्हें बड़ा और आकर्षक दिखा सकती हैं। सही तकनीकों और उत्पादों का इस्तेमाल करके आप अपनी आंखों को बड़ा और चमकदार बना सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी मेकअप टिप्स बताएंगे, जिनसे आप अपनी छोटी आंखों को भी बड़ा दिखा सकती हैं।

आंखों के नीचे हल्का कंसीलर लगाएं: आंखों के नीचे हल्का कंसीलर लगाने से आपकी आंखें खुली हुई दिखेंगी। यह तरीका आपकी आंखों को थका हुआ दिखने से बचाता है और उन्हें ताजा बनाता है। कंसीलर को हल्के हाथों से फैला लें, ताकि यह अच्छी तरह से मिल जाए। इससे आपकी आंखें बड़ी और चमकदार दिखेंगी, जिससे आपका पूरा चेहरा निखरा हुआ लगेगा। यह एक सरल तरीका है, जिससे आप अपने लुक को खास बना सकती हैं।

सफेद या हल्का नीला आई लाइनर लगाएं

आंखों के अंदरूनी किनारों पर सफेद या हल्का नीला आई लाइनर लगाने से आपकी आंखें बड़ी दिखती हैं। यह तरीका आपकी आंखों को खुला हुआ और चमकदार बनाता है। सफेद या हल्का नीला रंग आंखों को उज्जवल दिखाता है, जिससे वे बड़ी और आकर्षक लगती हैं। इस तरह का लाइनर आपके लुक को खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है। इसे अपनाकर आप अपने मेकअप को और भी प्रभावी बना सकती हैं।

लैशेस कर्ल करें और काजल लगाएं

लैशेस को कर्ल करना और काजल लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आपकी आंखों को बड़ा दिखाने में मदद करता है। घुमावदार उपकरण की मदद से आपकी लैशेस ऊपर की ओर मुड़ जाती हैं, जिससे आपकी आंखें खुली और बड़ी दिखती हैं। इसके बाद काजल लगाने से आपकी लैशेस घनी और लंबी लगती हैं। यह तरीका आपके लुक को और भी खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है।

आंखों के ऊपर हल्का भूरा रंग लगाएं

आंखों के ऊपर हल्का भूरा रंग लगाने से आपकी आंखें गहरी दिखती हैं, जिससे वे बड़ी लगती हैं। भूरे रंग के आई शैडो को हल्के हाथों से आंखों के ऊपर लगाने से गहरापन आता है। यह तरीका आंखों को आकर्षक बनाता है और उन्हें निखारता है। इससे आपकी आंखें बड़ी और चमकदार दिखती हैं, जिससे आपका पूरा चेहरा निखरा हुआ लगता है। इस तरह का रंग आपके लुक को खास बनाता है और आपकी आंखों की सुंदरता को उभारता है।

भौंहों को साफ–सुथरा रखें

भौंहों का सही आकार आपकी आंखों को बड़ा दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। अगर आपकी भौंहें बिखरी हुई हों तो वे आपकी आंखों की सुंदरता को कम कर सकती हैं। इसलिए, नियमित रूप से अपने भौंहों की सफाई करें और उन्हें सही आकार दें। इन सरल, लेकिन प्रभावी तरीकों को अपनाकर आप अपनी छोटी आंखों को भी बड़ा दिखा सकती हैं और अपने लुक को खास बना सकती हैं।